नया साल सिर्फ तारीख नहीं, खुद को बेहतर बनाने का मौका है।

# समर एक्सप्रेस

www.summerexpress.in

सूर्योदय सुबह 7:20 बजे
सूर्यास्त शाम 5:33 बजे

2026

R.N.I NO. CHMUL/25/A1155

● साल-1 ● अंक-117 ● पृष्ठ-8 ● मूल्य-5 रूपये ● वीरवार 1 जनवरी 2026 ● चंडीगढ़ ● पंजाब ● हरियाणा ● हिमाचल ● ग्रुप एडिटर : अर्शदीप सिंह समर ● एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल

## न्यूज़ ब्रीफ

### सिंदूर पर चीन की भूमिका कांग्रेस ने मांगी सफाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक तनाव में चीन की कथित मध्यस्थता को लेकर केंद्र सरकार पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि चीन के दावे भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को "मजाक" बनाते हैं और सरकार को इस पर स्पष्टता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले ही कई बार ऑपरेशन सिंदूर रोकने में हस्तक्षेप का दावा कर चुके हैं, लेकिन प्रधानमंत्री ने इस पर चुप्पी साधे रखी। अब चीनी विदेश मंत्री का ऐसा ही दावा और गंभीर चिंता पैदा करता है, खासकर तब जब सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने कहा था कि ऑपरेशन के दौरान भारत चीन से भी रणनीतिक रूप से जूझ रहा था। जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि भारत-चीन संबंध "एकतरफा और असंतुलित" हैं। चीन को 2020 में दी गई "क्लीन चिट", बढ़ता व्यापार घाटा और अरुणाचल पर उकसावे की कार्रवाई भारत की कमजोर स्थिति दिखाती है। ऐसे में ऑपरेशन सिंदूर के अचानक रुकने में चीन की भूमिका पर जवाब जरूरी है।

### निमेसुलाइड दवा पर केंद्र का प्रतिबंध

**नई दिल्ली:** केंद्र सरकार ने दर्द निवारक दवा निमेसुलाइड की 100 मि.ग्रा. से अधिक मात्रा वाली इमीडिएट-रिलीज ओरल फॉर्मुलेशन्स के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा कि ऐसी खुराक मानव स्वास्थ्य के लिए जोखिमपूर्ण पाई गई है और इसके सुरक्षित विकल्प उपलब्ध हैं।

### असमः जादू के शक में दंपती की हत्या

**कार्बी आंगलोंग।** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में अंधविश्वास की खौफनाक घटना सामने आई है। हावराघाट थाना क्षेत्र के 1 नंबर बेलोगुरी मुंडा गांव में ग्रामीणों ने जादू-टोना करने के शक में एक पति-पत्नी की कथित तौर पर हत्या कर दी और बाद में उनके शव जला दिए। मृतकों की पहचान 43 वर्षीय गार्डी बिरुवा और 33 वर्षीय मीरा बिरुवा के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सुंथोम श्याम ने बताया कि यह मामला डायन-शिकार से जुड़ा है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गांव में किसी भी अनहोनी के लिए दंपती को जिम्मेदार ठहराया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, पहले दोनों की हत्या की गई और फिर शवों को जलाया गया। मामले की जांच जारी है।

## सिटीजन रिपोर्टर

*अब आप भी बन सकते हैं समर एक्सप्रेस के सिटीजन रिर्पोटर। अपने इलाके की कोई भी समस्या, आयोजन, जानकारी या खबर हमें भेजें। आपके नाम के साथ प्रकाशित की जाएगी। अपनी खबर इस फोन नंबर 7986630191 या ईमेल infosummerexpress@gmail.com पर भेजें।*

**गुड न्यूज |** आत्मरक्षा और हथियार प्रशिक्षण से बढ़ी सुरक्षा की ताकत, गांवों में आत्मनिर्भर सुरक्षा तंत्र को मिलेगा बढ़ावा

# चेनाब घाटी में सेना की 17 गांवों के 150 गांव रक्षा गार्डों को विशेष ट्रेनिंग


इस विशेष ड्राइव में 17 गांवों के 150 रक्षा गार्डों आधुनिक सुरक्षा और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। - समर न्यूज़

**समर न्यूज़ | डोडा/नई दिल्ली**

जम्मू-कश्मीर की संवेदनशील चेनाब घाटी में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय सेना ने डोडा जिले में गांव रक्षा गार्डों के लिए एक व्यापक प्रशिक्षण अभियान शुरू किया है। इस विशेष ड्राइव के तहत 17 दूरदराज के गांवों से आए 150 गांव रक्षा गार्डों, जिनमें महिला स्वयंसेवक भी शामिल हैं, इनको आधुनिक सुरक्षा और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

यह प्रशिक्षण डोडा जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर, भलेसा क्षेत्र की शिंगिनी पंचायत में चलाया जा रहा है। पहाड़ी, जंगलों से घिरे और घुसपैठ की आशंका वाले इस इलाके में सेना का यह कदम ग्रासरूट स्तर पर सुरक्षा तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

**ऑटोमैटिक हथियार, आत्मरक्षा और बंकर निर्माण की ट्रेनिंग...**

सेना के अधिकारियों के अनुसार, प्रशिक्षण के दौरान गांव रक्षा सदस्यों को ऑटोमैटिक राइफलों के संचालन, हैंड-टू-हैंड कॉम्बैट, छोटी सैन्य रणनीतियों, आत्मरक्षा, बंकर निर्माण और दुश्मन के संभावित हमलों को नाकाम करने की तकनीकें सिखाई जा रही हैं। हाल ही में गांव रक्षा गार्डों के हथियारों को पुराने .303 राइफलों से अपग्रेड कर एसएलआर किया गया है, जिससे उनकी प्रभावशीलता और आत्मविश्वास में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

सेना का कहना है कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम उन इलाकों में पहली सुरक्षा पंक्ति तैयार करने में मदद करेगा, जहां अतीत में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकियों की घुसपैठ और हमले हो चुके हैं। विशेष रूप से डोडा और किश्तवाड़ जिलों को संवेदनशील मानते हुए यह पहल की गई है।

**स्थानीय लोगों का बढ़ा आत्मविश्वास...**

प्रशिक्षण ले रहे सदस्यों ने सेना की इस पहल का स्वागत किया है। शिंगिनी गांव के गांव रक्षा गार्ड सदस्य सुरिंदर सिंह ने कहा कि यह एक बड़ा और जरूरी कार्यक्रम है, जिसमें 17 गांवों के रक्षा समूह शामिल हैं। गांव में ही इस तरह का पेशेवर प्रशिक्षण मिलना हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।

वहीं गौआला गांव के राजेश कुमार ठाकुर ने कहा कि ऑटोमैटिक हथियार मिलने और सेना-पुलिस से प्रशिक्षण मिलने के बाद अब वे अपने गांवों की सुरक्षा को लेकर पहले से कहीं ज्यादा आत्मविश्वास महसूस कर रहे हैं। कई महिला स्वयंसेवकों ने भी बताया कि आत्मरक्षा और हथियार संचालन की ट्रेनिंग से उन्हें सुरक्षा के प्रति नई ताकत और जागरूकता मिली है।

**आतंकवाद-रोधी अभियानों को मिलेगी मजबूती...**

सेना के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यह प्रशिक्षण अभियान डोडा और किश्तवाड़ के ऊपरी इलाकों में चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों का पूरक है। सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बल मिलकर उन आतंकियों की तलाश में जुटे हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में चेनाब घाटी में घुसपैठ करने में सफल रहे थे। इस समय चिल्लई कलां जम्मू-कश्मीर की 40 दिन की कड़ाके की सर्दी चल रही है। खुफिया एजेंसियों के आकलन के अनुसार, जम्मू क्षेत्र में करीब 30 से 35 पाकिस्तानी आतंकी सक्रिय हो सकते हैं, जो सर्दियों में बचने के लिए ऊंचे और निर्जन पहाड़ी इलाकों में छिपे हुए हैं। इन्हें दबाव में रखने के लिए सेना ने बर्फ से ढके इलाकों में अस्थायी बेस और निगरानी चौकियां भी स्थापित की हैं।

**गांव स्तर पर सुरक्षा की नई ढाल...**

विशेषज्ञों का मानना है कि गांव रक्षा गार्ड का सशक्तीकरण न केवल सुरक्षा बलों पर दबाव कम करेगा, बल्कि स्थानीय समुदायों में सतर्कता, सहभागिता और आत्मनिर्भर सुरक्षा तंत्र को भी बढ़ावा देगा। डोडा में शुरू किया गया यह प्रशिक्षण अभियान आने वाले समय में पूरे चेनाब घाटी क्षेत्र के लिए एक प्रभावी मॉडल बन सकता है।

# चलती कार में दरिंदगी, फरीदाबाद में 28 वर्षीय युवती से सामूहिक दुष्कर्म

## दो आरोपी गिरफ्तार, वारदात में इस्तेमाल ईको वैन भी बरामद

**समर न्यूज़ | फरीदाबाद**




हरियाणा के फरीदाबाद में कोतवाली थाना क्षेत्र में चलती कार में 28 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि देर रात लिफ्ट देने के बहाने दो युवकों ने युवती को अपनी ईको वैन में बैठाया, फिर करीब दो से ढाई घंटे तक फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड पर घुमाते हुए उसके साथ बारी-बारी से दुष्कर्म किया। हैवानियत के बाद आरोपी युवती को एसजीएम नगर स्थित मुल्ला होटल के पास चलती वैन से सड़क पर फेंककर फरार हो गए। पुलिस ने तकनीकी जांच के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल की गई ईको गाड़ी भी बरामद कर ली गई है।

पुलिस के मुताबिक यह दिल दहला देने वाली घटना सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात की है। पीड़िता फरीदाबाद की ही रहने वाली है। बताया गया है कि सोमवार शाम घर में मां से कहासुनी होने के बाद वह नाराज होकर घर से निकल गई थी। पीड़िता की बहन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि रात करीब साढ़े आठ बजे बहन का फोन आया था, जिसमें उसने कहा कि वह सहेली के घर जा रही है और दो-तीन घंटे में वापस लौट आएगी। लेकिन देर रात जब वह घर नहीं पहुंची तो परिवार चिंतित हो गया।

रात करीब 12 बजे युवती दो नंबर चौक से कल्याणपुरी तीन नंबर चौक जाने के लिए सवारी वाहन का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान एक ईको वैन वहां रुकी, जिसमें दो युवक सवार थे। आरोप है कि दोनों युवकों ने उसे घर छोड़ने का भरोसा दिलाया और लिफ्ट दे दी। लेकिन कुछ ही देर बाद वैन को कल्याणपुरी की बजाय फरीदाबाद-गुरुग्राम रोड की ओर मोड़ दिया गया।

युवती के विरोध करने पर भी आरोपियों ने गाड़ी नहीं रोकी। पीड़िता के अनुसार, फरीदाबाद-गुरुग्राम मार्ग पर हनुमान मंदिर से आगे एक आरोपी वैन चलाता रहा, जबकि दूसरे ने उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद दोनों ने बारी-बारी से इस घिनौने अपराध को अंजाम दिया। करीब दो से ढाई घंटे तक वैन को इधर-उधर घुमाया गया।

आखिरकार तड़के करीब तीन बजे एसजीएम नगर के राजा चौक स्थित मुल्ला होटल के पास आरोपियों ने युवती को चलती वैन से धक्का देकर सड़क पर फेंक दिया और मौके से फरार हो गए। सड़क पर गिरने से युवती के चेहरे और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। उसके चेहरे पर 10 से 12 टांके लगाए गए हैं। बदहवास हालत में युवती ने किसी तरह अपनी बहन को फोन कर पूरी घटना बताई। बहन मौके पर पहुंची और उसे तुरंत सिविल अस्पताल लेकर गई, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने दिल्ली रेफर किया। हालांकि परिजनों ने युवती को फरीदाबाद के ही एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है, लेकिन वह गहरे सदमे में है।

पुलिस प्रवक्ता यशपाल सिंह ने बताया कि मामले की सूचना मिलते ही पुलिस ने जांच शुरू की। साइबर सेल और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से देर रात दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। वारदात में इस्तेमाल ईको वैन भी बरामद कर ली गई है। पहचान परेड प्रक्रिया के चलते फिलहाल आरोपियों के नाम और तस्वीरें सार्वजनिक नहीं की गई हैं। दोनों आरोपियों को अदालत में पेश किया जाएगा।

पीड़िता की हालत को देखते हुए उसके बयान दर्ज करने के प्रयास जारी हैं। इस मामले में सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं, जिनमें ईको वैन को सड़कों पर चलते हुए देखा गया है। पुलिस इन फुटेज को अहम साक्ष्य मानते हुए जांच को आगे बढ़ा रही है। बताया गया है कि पीड़िता शादीशुदा है, उसके तीन बच्चे हैं और घरेलू विवाद के कारण वह पति से अलग रह रही थी।

## ठंड है... पर लगदी नीं, हुण मामला दिल दा...



**लुधियाना।** नववर्ष 2026 के स्वागत से पहले कड़ाके की सर्दी भी श्रद्धालुओं की आस्था के आगे बेबस नजर आई। देशभर के धार्मिक स्थलों पर रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी, मानो ठंड को दिल के जोश ने मात दे दी हो। अयोध्या, काशी, वृंदावन, उज्जैन, खाटूश्यामजी और छत्तीसगढ़ के प्रमुख मंदिरों में लाखों श्रद्धालु दर्शन को पहुंचे। वृंदावन में हालात बेकाबू रहे और बांके बिहारी मंदिर क्षेत्र नो-व्हीकल जोन बना। होटल फुल रहे, किराए बढ़े, लेकिन श्रद्धा में कोई कमी नहीं दिखी। कुल मिलाकर, नए साल से पहले आस्था, उत्साह और भक्ति का देशभर में अद्भुत संगम देखने को मिला। लुधियाना में नव वर्ष पर कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। **फोटो- लक्की भट्टी**

### संस्कार में जयशंकर ने तारिक से की मुलाकात

**ढाका।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने बुधवार को ढाका में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यवाहक अध्यक्ष तारिक रहमान से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भेजा व्यक्तिगत शोक पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने बेगम खालिदा जिया के निधन पर भारत सरकार और जनता की ओर से गहरी संवेदना व्यक्त की।

**राजस्थान में न्यू ईयर अलर्ट**

## कार से 150 किलो विस्फोटक बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**समर न्यूज़ | टोंक**

नए साल की पूर्व संध्या पर राजस्थान पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए टोंक–जयपुर हाईवे पर एक कार से करीब 150 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया है। इस दौरान पुलिस ने 200 एक्सप्लोसिव बैटरियां और 1,100 मीटर इलेक्ट्रिक वायर भी जब्त किए हैं। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है। यह कार्रवाई बारोनी थाना क्षेत्र में विशेष वाहन जांच अभियान के दौरान की गई। पुलिस ने एक मारुति सियाज कार को रोका, जिसमें यूरिया की बोरियों के बीच छिपाकर अमोनियम नाइट्रेट रखा गया था। पुलिस के मुताबिक, कार बूंदी की ओर जा रही थी, तभी उसे रोका गया। इस संबंध में डीएसपी मृत्युंजय मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में एक का नाम सुरेंद्र और दूसरे का नाम सुरेंद्र मोची है। दोनों से विस्फोटक सामग्री के स्रोत और गंतव्य को लेकर गहन पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए खुफिया एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है और पूरे सप्लाई चेन की जांच की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि इतनी बड़ी मात्रा में विस्फोटक किस उद्देश्य से ले जाया जा रहा था।

यह बरामदगी हाल ही में 10 नवंबर को दिल्ली में हुए आत्मघाती बम धमाके के मद्देनजर बेहद अहम मानी जा रही है, जिसमें 15 लोगों की मौत हुई थी। उस घटना से पहले फरीदाबाद में 358 किलो और 2,563 किलो विस्फोटक की खेप दो अलग-अलग ठिकानों से बरामद की गई थी। हालांकि शुरुआती जांच में संकेत मिले हैं कि बरामद विस्फोटकों से अभी बम तैयार नहीं किए गए थे, क्योंकि इनमें धातु के टुकड़े नहीं मिले, जो आमतौर पर नुकसान बढ़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

# प्रोपेगेंडा का नेताः 'डेड इकोनॉमी' टिप्पणी पर बीजेपी का राहुल पर वार

## भाजपा ने भारत को बताया दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**

बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने बुधवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के भारत को "डेड इकोनॉमी" कहने वाले बयान को लेकर कड़ा हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी को "प्रोपेगेंडा का नेता" करार देते हुए कहा कि भारत के जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने से उनके दावे झूठे साबित हो गए हैं। पूनावाला ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी देश के खिलाफ "दुर्भावनापूर्ण प्रचार" करते हैं। उन्होंने कहा,"राहुल गांधी, जो भारत विरोधी बयान देने में माहिर हैं, कभी सेना के खिलाफ, कभी संवैधानिक संस्थाओं के खिलाफ, कभी सनातन और कभी अर्थव्यवस्था के खिलाफ बोलते हैं। अब सच्चाई सामने आ गई है। जो व्यक्ति कहता था कि भारत की अर्थव्यवस्था मर चुकी है, वह नेता प्रतिपक्ष नहीं बल्कि प्रोपेगेंडा का नेता है।"

उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में भारत की आर्थिक स्थिति में बड़ा सुधार हुआ है। "मनमोहन सिंह के दौर में भारत 11वें स्थान पर था, आज हम चौथे स्थान पर हैं और जापान को पीछे छोड़ चुके हैं। अगले ढाई–तीन साल में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा," पूनावाला ने कहा।

बता दें कि जुलाई 2025 में राहुल ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बयान का समर्थन करते हुए भारत की अर्थव्यवस्था को "डेड" बताया था। उन्होंने कहा था कि प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री को छोड़कर पूरी दुनिया जानती है कि भारत की अर्थव्यवस्था मरी हुई है। केंद्र सरकार की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारत की जीडीपी 4.18 ट्रिलियन डॉलर से अधिक हो गई है, जिससे वह वैश्विक स्तर पर चौथे स्थान पर पहुंच गया है। वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में वास्तविक जीडीपी वृद्धि 8.2% रही, जो छह तिमाहियों में सबसे अधिक है। कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने जीडीपी आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने गणना पद्धति बदल दी है। यह बहस आईएमएफ द्वारा भारत की राष्ट्रीय लेखा प्रणाली को ग्रेड 'C' दिए जाने के बाद और तेज हो गई है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पष्ट किया कि नया 2022-23 बेस ईयर अगले वर्ष से लागू किया जाएगा।

# एनआईए कोर्ट ने आतंकवादी को उम्रकैद की सजा सुनाई

**समर न्यूज़ | गुवाहाटी**

एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े एक मामले में आरोपी मोहम्मद कामरुज जमान उर्फ कमरुद्दीन को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। एनआईए ने बुधवार को यह जानकारी दी। असम के गुवाहाटी स्थित एनआईए की विशेष अदालत ने आतंकवाद विरोधी कानून (यूएपीए) के तहत जमान को तीन अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराया है। इन मामलों में अधिकतम सजा उम्रकैद है। अदालत ने आदेश दिया है कि तीनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। इसके अलावा, जमान पर प्रत्येक मामले में 5 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। जुर्माना अदा न करने की स्थिति में तीन महीने की अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा भुगतनी होगी।

**पेज 1 एंकर स्टोरी** | पीक ऑवर्स में प्रति ऑर्डर 150 रुपये तक कमाने का मौका दे रही हैं कंपनियां

# न्यू ईयर पर डिलीवरी की तैयारी, हड़ताल के बीच जोमेटो-स्विगी ने बढ़ाया इंसेंटिव

**समर न्यूज़ | नई दिल्ली**




नए साल की पूर्व संध्या पर फूड डिलीवरी सेवाओं में किसी तरह की रुकावट न आए, इसके लिए जोमेटो-स्विगी ने अपने डिलीवरी पार्टनर्स के इंसेंटिव में बढ़ोतरी का ऐलान किया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है, जब गिग वर्कर्स यूनियनों ने 31 दिसंबर को देशव्यापी हड़ताल पर रहे। जोमेटो के मुताबिक, 31 दिसंबर को शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक पीक ऑवर्स में डिलीवरी पार्टनर्स को 120 से 150 रुपये प्रति ऑर्डर दिए जाएंगे। ऑर्डर वॉल्यूम और उपलब्धता के आधार पर दिनभर की कमाई 3,000 रुपये तक हो सकती है। इस दौरान ऑर्डर कैंसिलेशन और डिनायल पर लगने वाले जुर्माने भी अस्थायी रूप से हटा दिए गए हैं। वहीं स्विगी ने भी इंसेंटिव बढ़ाते हुए बताया कि 31 दिसंबर और 1 जनवरी को मिलाकर डिलीवरी पार्टनर्स 10 हजार रुपये तक कमा सकते हैं। केवल न्यू ईयर ईव पर छह घंटे के पीक स्लॉट में 2 हजार रुपये तक की कमाई का अवसर दिया जा रहा है। इंसेंटिव बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई है, जब गिग वर्कर्स यूनियनों ने कम भुगतान, बढ़ते काम के दबाव और सुरक्षा को लेकर हड़ताल का ऐलान किया है। यूनियनों का दावा है कि 1.7 लाख से अधिक वर्कर्स हड़ताल में शामिल हो सकते हैं। हालांकि जोमेटो ने साफ किया है कि इंसेंटिव बढ़ाना त्योहारी सीजन की नियमित प्रक्रिया है और इसका हड़ताल से कोई सीधा संबंध नहीं है। उधर, तेलंगाना सरकार ने गिग एंड प्लेटफॉर्म वर्कर्स वेलफेयर बिल, 2025 को मंजूरी देकर इस मुद्दे को और राजनीतिक-सामाजिक अहमियत दे दी है। अध्यक्ष शेख सल्लाउद्दीन ने कहा कि 10 मिनट में डिलीवरी मॉडल ने डिलीवरी पार्टनर्स पर असुरक्षित दबाव डाला है। उन्होंने मांग की है कि पुराने भुगतान ढांचे को बहाल किया जाए और सभी प्लेटफॉर्म से 10 मिनट डिलीवरी विकल्प हटाया जाए।

# न्यू ईयर से पहले गिग वर्कर्स की हड़ताल कम कमाई और डिलीवरी प्रेशर से नाराज

## 15 घंटे काम कर 762 रुपए की कमाई, कम भुगतान से नाराज डिलीवरी पार्टनर

समर न्यूज़ | नई दिल्ली

क्विक कॉमर्स और फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म पर काम कर रहे गिग वर्कर्स ने कम कमाई और 10 मिनट में डिलीवरी के दबाव के खिलाफ 31 दिसंबर को हड़ताल की। इसका असर न्यू ईयर की तैयारियों पर भी देखने को मिला। इससे पहले गिग वर्कर्स 25 दिसंबर को क्रिसमस के दिन भी हड़ताल पर गए थे। गिग वर्कर्स की परेशानियां उस वक्त चर्चा में आईं, जब ब्लिंकिट के डिलीवरी पार्टनर रहे हिमांशु थपलियाल का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। 29 सितंबर को बनाए गए इस वीडियो में हिमांशु ने 15 घंटे काम करने के बाद महज 762 रुपए कमाने की बात कही थी। वीडियो को इंस्टाग्राम पर 75 लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद राघव चड्ढा ने भी संसद में हिमांशु का जिक्र किया था। उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल के रहने वाले 19 साल के हिमांशु बचपन से दिल्ली में रह रहे हैं। वे किदवई नगर में अपने माता-पिता के साथ एक कमरे के मकान में रहते हैं। हिमांशु ने बताया कि उन्होंने ब्लिंकिट में 5-6 महीने तक काम किया। उनके मुताबिक, पहले 5 किलोमीटर तक के ऑर्डर पर 80 रुपए मिलते थे, जिसे बाद में घटाकर 50 रुपए कर दिया गया। वे डिलीवरी के लिए इलेक्ट्रिक व्हीकल किराए पर लेते थे, जिसका रोजाना 200 से 250 रुपए खर्च आता था। हिमांशु का कहना है कि कंपनियां कमाई के बड़े-बड़े दावे तो करती हैं, लेकिन यह नहीं बतातीं कि इसके लिए कितने घंटे लॉग-इन रहना पड़ेगा। अगर तय समय तक लॉग-इन नहीं रहते, तो इंसेंटिव भी नहीं मिलता। वायरल वीडियो के बाद हिमांशु ने ब्लिंकिट का काम छोड़ दिया, लेकिन उनका कहना है कि गिग वर्कर्स की समस्याएं अब भी जस की तस हैं। हिमांशु के पिता अरविंद थपलियाल भी पहले गिग वर्कर रह चुके हैं। वे तीन साल तक स्विगी के लिए काम कर चुके हैं। अरविंद बताते हैं कि कई बार पूरे दिन काम करने के बाद सिर्फ 200-250 रुपए की कमाई होती थी, जिससे घर चलाना मुश्किल हो जाता था। इसी तरह 56 साल के सुरेंद्र पिछले ढाई साल से जोमैटो के लिए काम कर रहे हैं। दिल्ली के लक्ष्मीनगर में मिले सुरेंद्र बताते हैं कि ट्रैफिक या लोकेशन की दिक्कत के बावजूद डिलीवरी लेट होने पर रेटिंग घटा दी जाती है, कई बार आईडी भी बंद कर दी जाती है। 2 किलोमीटर तक की डिलीवरी पर उन्हें सिर्फ 20 रुपए मिलते हैं। इसके अलावा कोई स्थायी सुविधा नहीं है। सुरेंद्र ने बताया कि कंपनी सिर्फ एक लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा देती है। पिछले साल एक्सीडेंट में उनका कुल खर्च 1.75 लाख रुपए आया, जिसमें से बाकी रकम उन्हें कर्ज लेकर चुकानी पड़ी। गिग वर्कर्स का कहना है कि डिलीवरी रेट फिक्स होने चाहिए, बेहतर बीमा और रिटायरमेंट के बाद पेंशन जैसी सुविधाएं दी जानी चाहिए, ताकि यह काम सम्मानजनक और सुरक्षित बन सके।

# पंजाब में 7 जनवरी तक बढ़ी स्कूलों की छुट्टियां

समर न्यूज़ | लुधियाना

पंजाब में लगातार बढ़ रही ठंड और घने कोहरे को देखते हुए राज्य सरकार ने स्कूलों की छुट्टियों को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। अब प्रदेश के सभी सरकारी, निजी, एडिड और मान्यता प्राप्त स्कूल 8 जनवरी को पुनः खुलेंगे। इस संबंध में बुधवार को शिक्षा मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने आधिकारिक जानकारी साझा की। शिक्षा मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत यह निर्णय लिया गया है। मौजूदा मौसम परिस्थितियों में बच्चों और स्कूल स्टाफ की सेहत और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए छुट्टियों को 7 जनवरी तक बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि सुबह और देर शाम घने कोहरे के कारण दृश्यता कम हो रही है, जिससे विद्यार्थियों के स्कूल आने-जाने में परेशानी और खतरा बढ़ सकता है।

# इंदौर में दूषित पानी से 8 लोगों की मौत

## भागीरथपुरा में जल वितरण लाइन में मिला ड्रेनेज, 100 से ज्यादा बीमार

समर न्यूज़ | इंदौर

देशभर में स्वच्छता और 'वॉटर प्लस' का तमगा हासिल करने वाला इंदौर शहर अपने ही नागरिकों को साफ पीने का पानी उपलब्ध कराने में विफल साबित हुआ है।
शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पानी की आपूर्ति के कारण अब तक 8 लोगों की मौत हो चुकी है। सभी मृतकों में उल्टी-दस्त के गंभीर लक्षण पाए गए थे।
जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में 26 दिसंबर को उल्टी-दस्त से पहली मौत हुई थी, लेकिन इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों ने समय रहते कोई ठोस कदम नहीं उठाया।
लापरवाही का नतीजा यह रहा कि सोमवार, 29 दिसंबर को स्थिति अचानक बिगड़ गई और 100 से अधिक लोग उल्टी-दस्त की शिकायत के साथ विभिन्न अस्पतालों में पहुंचे। इनमें से 34 मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें भर्ती करना पड़ा, जिससे स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया।
मंगलवार को स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने भागीरथपुरा क्षेत्र में घर-घर सर्वे किया। सर्वे में सामने आया कि अधिकांश घरों में एक या अधिक लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित हैं।
स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि वे कई दिनों से दूषित और बदबूदार पानी की शिकायत कर रहे थे, लेकिन नगर निगम और संबंधित अधिकारियों ने इसे गंभीरता से नहीं लिया।
मंगलवार को ही नगर निगम की टीम ने जल वितरण व्यवस्था की जांच की। जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि जिस मुख्य पाइपलाइन से पूरे भागीरथपुरा में पानी की सप्लाई होती है, उसके ठीक ऊपर एक सार्वजनिक शौचालय बना हुआ है। मेन लाइन के फूटने से ड्रेनेज का गंदा पानी सीधे पीने के पानी की लाइन में मिल गया और वही पानी घरों तक पहुंचता रहा। इसके अलावा क्षेत्र में कई अन्य स्थानों पर भी जल वितरण लाइनों में टूट-फूट पाई गई।
स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फिलहाल पूरे भागीरथपुरा क्षेत्र में नर्मदा जल आपूर्ति बंद कर दी गई है। नगर निगम द्वारा टैंकरों के माध्यम से पीने के पानी की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है। वहीं, प्रशासन ने जल लाइनों की मरम्मत और क्षेत्र में कीटाणु नाशक दवाओं के छिड़काव के निर्देश दिए हैं। घटना ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था और जिम्मेदार तंत्र पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# बटाला के अलोवाल में हादसा गैस सिलेंडर फटने से पांच घायल

## परिवार के पति-पत्नी और बच्चे सहित दो भाई झुलसे

समर न्यूज़ | बटाला

बटाला के नजदीकी गांव अलोवाल में एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहां गैस सिलेंडर फटने से पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।
घायलों में एक ही परिवार के पति, पत्नी और उनका बच्चा शामिल हैं, जबकि अन्य दो घायल सगे भाई बताए जा रहे हैं। सभी घायलों को इलाज के लिए बटाला के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।
हादसे में घायल लोगों ने बताया कि वे दिहाड़ी मजदूर हैं और काम पर जाने से पहले घर में चावल बना रहे थे। इसी दौरान गैस लीक होने के कारण अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग को फैलने से रोकने के लिए वे सिलेंडर को उठाकर घर से बाहर खुले स्थान में फेंकने लगे, तभी सिलेंडर जोरदार धमाके के साथ फट गया। विस्फोट के कारण पांचों लोग आग की चपेट में आ गए और झुलस गए।
घायलों को तुरंत सरकारी अस्पताल बटाला पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस मौके पर सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने जानकारी देते हुए बताया कि कुल पांच घायल अस्पताल में लाए गए हैं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। गंभीर रूप से झुलसे मरीजों को बेहतर इलाज के लिए अमृतसर रेफर किया जाएगा। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है और प्रशासन द्वारा मामले की जानकारी ली जा रही है।

## पंजाब के डीजीपी गौरव यादव ने पेश किया 2025 का रिपोर्ट कार्ड

# नशे, अपराध और आतंकवाद पर सख्त कार्रवाई का दावा

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



पंजाब के डीजीपी गौरव यादव संबोधित करते हुए। - समर न्यूज़

साल के आखिरी दिन पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने चंडीगढ़ में एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वर्ष 2025 का वार्षिक रिपोर्ट कार्ड पेश किया। इस दौरान उन्होंने राज्य में नशे, संगठित अपराध और आतंकवाद के खिलाफ की गई पंजाब पुलिस की कार्रवाइयों की विस्तृत जानकारी दी, साथ ही आने वाले नए साल के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी कीं।
डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत पंजाब पुलिस ने 55.78 लाख नशीले कैप्सूल, 26 किलो आइस (क्रिस्टल मेथ), 698 किलो अफीम, 35,000 किलो भुक्की और करीब 16.8 करोड़ रुपये की ड्रग मनी बरामद की है।
इसके अलावा नशा तस्करों की लगभग 263 करोड़ रुपये की संपत्तियों को फ्रीज किया गया। इस अभियान के तहत करीब 40,000 नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 30,000 के खिलाफ मामले दर्ज किए गए।
राज्य में अन्य अपराधों पर बात करते हुए डीजीपी ने बताया कि वर्ष 2025 के दौरान पंजाब में 680 हत्याएं, 1,583 अपहरण और 944 दुष्कर्म के मामले दर्ज हुए। इसके अलावा स्नैचिंग की 1,866 घटनाएं सामने आईं, जिनमें 992 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।
आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई का जिक्र करते हुए डीजीपी ने बताया कि पंजाब पुलिस ने 19 आतंकी मॉड्यूल का पर्दाफाश किया और 131 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान कुल 197 बरामदगियां की गईं, जिनमें 12 आईईडी, 11.62 किलो आरडीएक्स और 54 हैंड ग्रेनेड शामिल हैं।
नए साल को लेकर घोषणाएं करते हुए डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि फर्जी वीजा लगवाने और लोगों से धोखाधड़ी करने वाले ट्रैवल एजेंटों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।
साथ ही ड्रोन के जरिए हथियारों की तस्करी को रोकने के लिए एंटी-ड्रोन सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है।
उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब पुलिस के लिए एक साइबर सिक्योरिटी पॉलिसी तैयार की जा रही है और पुलिस बल को और अधिक आधुनिक व तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। इसके अलावा अब हेड कांस्टेबलों को भी इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर की शक्तियां दी गई हैं, जिससे जांच प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और मजबूत बनाया जा सके।

# अज्ञात युवकों ने की युवक की गोली मारकर हत्या

## देर रात हुई वारदात, तीन हमलावर मौके से फरार

समर न्यूज़ | पट्टी


हरप्रीत सिंह। - समर न्यूज़

पट्टी शहर के नजदीक गांव सभरा में देर शाम तीन अज्ञात युवकों ने हरप्रीत सिंह (30), पुत्र विरसा सिंह, की गोली मारकर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हरप्रीत सिंह जब अपने गांव सभरा में सोनू सभरा की डेयरी की ओर जा रहा था, तो रास्ते में खड़े तीन युवकों को वहां खड़े रहने को लेकर उसने टोका। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। शोर सुनकर पास की डेयरियों के लोग जब मौके पर पहुंचने लगे, तो हरप्रीत सिंह ने तीनों अज्ञात युवकों में से एक को पकड़ लिया। इसी दौरान उसके दो अन्य साथियों ने हरप्रीत सिंह पर गोली चला दी। गोली उसके दिल के पास लगी। इसके बाद तीनों हमलावर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। घायल अवस्था में हरप्रीत सिंह को तुरंत तरनतारन के एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है, वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमलावरों की तलाश की जा रही है।

# जालंधर में खेतों से युवक का शव बरामद

एजेंसी | जालंधर



जालंधर के मकसूदा क्षेत्र में खेतों से एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव खेतों के बीच बने कच्चे रास्ते पर पड़ा हुआ था और उसके आसपास आवारा कुत्ते मंडरा रहे थे। सुबह खेतों की ओर गए लोगों ने शव देखा और तुरंत थाना मकसूदा पुलिस को सूचना दी।
सूचना मिलते ही थाना मकसूदा की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जालंधर सिविल अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया। आसपास के लोगों से पूछताछ के बाद मृतक की पहचान अमृत के रूप में हुई है। युवक की उम्र करीब 28 से 29 साल बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार शव पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं मिले हैं। प्रारंभिक जांच में मौत का कारण अत्यधिक ठंड माना जा रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो पाएगा। मृतक के जीजा सूरज ने बताया कि अमृत नूरपुर गांव का रहने वाला था। वह एक दिन पहले सुबह करीब 11 बजे अपने दोस्त के साथ घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश शुरू की। जब वे दोस्त के घर पहुंचे तो पता चला कि वह भी घर नहीं लौटा था।
इसके बाद आसपास के इलाकों में खोजबीन की गई। परिजनों को बाद में सूचना मिली कि रेरू के पास किसी व्यक्ति की लाश मिली है। मौके पर पहुंचकर देखा तो शव अमृत का ही निकला। परिवार ने आशंका जताई है कि अमृत की मौत के पीछे उसके दोस्त की भूमिका हो सकती है। थाना मकसूदा के अंतर्गत भूत कॉलोनी के पास जहां शव मिला, वहां थाना प्रभारी गुरप्रीत सिंह पुलिस टीम के साथ पहुंचे और मौके की जांच की। पुलिस ने आसपास के थानों को भी शव मिलने की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कार की टक्कर से एक्टिवा सवार की मौत

एजेंसी | जालंधर

जालंधर में रामामंडी–आदमपुर रोड पर जोहला गेट के पास हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक्टिवा सवार महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल है। हादसा 17 दिसंबर को उस समय हुआ, जब पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने दंपति की एक्टिवा को टक्कर मार दी। दोनों को गंभीर हालत में पिम्स अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। महिला पिछले 13 दिनों से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही थी, लेकिन सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। मृतका की पहचान कला वत्ती के रूप में हुई है। वहीं पति छोटे लाल की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की गहन जांच शुरू कर दी है।

# विजिलेंस ब्यूरो ने 15,000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में ब्लॉक अधिकारी को किया गिरफ्तार

## शिकार का परमिट जारी करने का भरोसा देकर मौके पर लिए 10 हजार रुपये

समर न्यूज़ | चंडीगढ़



रिश्वत लेता पकड़ा गया अधिकारी। - समर न्यूज़

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो ने मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा अपनाई गई जीरो टॉलरेंस नीति के तहत वाइल्ड लाइफ डिवीजन, गढ़शंकर जिला होशियारपुर में तैनात ब्लॉक अधिकारी राजपाल सिंह को 15,000 रुपये रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आज यहां यह जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो के प्रवक्ता ने बताया कि यह गिरफ्तारी बलाचौर जिला एसबीएस नगर के एक निवासी द्वारा मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार विरोधी एक्शन लाइन पोर्टल पर दर्ज करवाई गई शिकायत के बाद की गई है। उन्होंने आगे कहा कि शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उसने शिकार का परमिट जारी करने के लिए आरोपी राजपाल सिंह से संपर्क किया था, लेकिन अधिकारी ने इसके लिए 50,000 रुपये की मांग की।
उसकी विनती करने पर सौदा 15,000 रुपये में तय हो गया और अधिकारी ने शिकार का परमिट जारी करने का भरोसा देकर उससे 10,000 रुपये मौके पर ही ले लिए। उन्होंने आगे बताया कि आरोपी राजपाल सिंह बलाचौर में शिकायतकर्ता के घर जाकर बाकी बची 5,000 रुपये की रिश्वत भी ले ली। इसकी वीडियो शिकायतकर्ता के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। सत्यापन के दौरान उक्त आरोप सही पाए गए।
इस संबंध में आरोपी के खिलाफ विजीलैंस ब्यूरो थाना जालंधर रेंज में भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने आगे बताया कि इस संबंध में आगे की जांच जारी है।

# पारदर्शी व समयबद्ध सहायता पर जोरः डॉ. बलजीत कौर

समर न्यूज़ | चंडीगढ़

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार राज्य के सभी वर्गों के कल्याण, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है। इसी कड़ी में दिव्यांगजनों की सुरक्षा, आत्मनिर्भरता और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा कई प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। यह बात सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कही। उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा अब तक दिव्यांगजनों को 371.84 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जा चुकी है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान 2 लाख 79 हजार 544 दिव्यांग व्यक्तियों को इस योजना का प्रत्यक्ष लाभ दिया जा रहा है, जिससे हजारों परिवारों को आर्थिक सहारा मिला है।

# अजय सिंघल बने हरियाणा के नए डीजीपी, ओपी सिंह सेवानिवृत्त

समर न्यूज़ | चंडीगढ़


अजय सिंघल। - समर न्यूज़

नए साल की पूर्व संध्या पर हरियाणा को नया पुलिस महानिदेशक मिल गया है। 1992 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय सिंघल को हरियाणा पुलिस का नया डीजीपी नियुक्त किया गया है। संघ लोक सेवा आयोग की पैनल कमेटी द्वारा भेजे गए तीन वरिष्ठ अधिकारियों के पैनल में से राज्य सरकार ने अजय सिंघल के नाम पर मुहर लगाई। यूपीएससी द्वारा भेजे गए पैनल में वरिष्ठता के आधार पर पूर्व डीजीपी शत्रुजीत कपूर का नाम पहले स्थान पर था, लेकिन दिवंगत आईपीएस वाई पूरन कुमार के आत्महत्या मामले में नाम सामने आने के कारण उन्हें अवकाश पर भेज दिया गया था और बाद में डीजीपी पद से हटा दिया गया। इसके बाद ओपी सिंह को कार्यवाहक डीजीपी की जिम्मेदारी सौंपी गई थी, जो 31 दिसंबर को सेवा अवधि पूरी होने पर सेवानिवृत्त हो गए। पैनल में शत्रुजीत कपूर के बाद 1992 बैच के आईपीएस अजय सिंघल और 1993 बैच के आईपीएस अधिकारी आलोक मित्तल के नाम शामिल थे। अजय सिंघल फिलहाल एंटी करप्शन ब्यूरो के प्रमुख पद पर तैनात थे और वह पूर्व डीजीपी कपूर के बाद सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में गिने जाते हैं।

# सचखंड श्री हरमंदर साहिब में श्रद्धालुओं की भारी भीड़

समर न्यूज़ | हरमंदर साहिब

नए साल 2026 को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने और गुरु साहिब की शरण में अरदास करने के लिए सचखंड श्री हरमंदर साहिब में श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी है। 2026 के आगमन से पहले ही देश-विदेश से लाखों की संख्या में श्रद्धालु दरबार साहिब पहुंच रहे हैं। नए साल के आने में अब कुछ ही घंटे शेष हैं। इस अवसर पर श्रद्धालु पवित्र सरोवर में स्नान कर गुरु साहिब का आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। आज रात 12 बजे देश और विदेश से आए श्रद्धालु मत्था टेककर देश और दुनिया में अमन-शांति, भाईचारे और खुशहाली के लिए विशेष अरदास करेंगे। गुरु घर पहुंचे श्रद्धालुओं का कहना है कि वे नया साल सचखंड श्री हरमंदर साहिब में मनाने के लिए विशेष रूप से आए हैं।

श्रद्धा

## वृंदावन में हालात बेकाबू, बांके बिहारी मंदिर के आसपास नो-व्हीकल जोन, होटल फुल

# नववर्ष से पहले देशभर के धार्मिक स्थलों पर उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

समर न्यूज़ | नई दिल्ली


बांके बिहारी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की भीड़। - समर न्यूज़

नववर्ष 2026 के स्वागत से पहले देशभर के धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर श्रद्धालुओं और सैलानियों की रिकॉर्ड भीड़ देखने को मिली। आस्था, पर्यटन और उत्सव का यह संगम कई शहरों में प्रशासन के लिए भी बड़ी चुनौती बन गया।
अयोध्या, काशी, वृंदावन, उज्जैन से लेकर जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ तक मंदिरों, घाटों और पर्यटन स्थलों पर भारी भीड़ रही। अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए करीब 2 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। राम जन्मभूमि परिसर और हनुमानगढ़ी के आसपास लंबी कतारें लगी रहीं। काशी विश्वनाथ मंदिर में करीब 3 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए, जबकि वृंदावन में बांके बिहारी मंदिर के दर्शन को लेकर लगभग 4 लाख भक्तों की मौजूदगी दर्ज की गई। वाराणसी में गंगा आरती देखने के लिए सुबह करीब 1 लाख लोग पहुंचे, जबकि सामान्य दिनों में यह संख्या 5 से 10 हजार के बीच रहती है।
मथुरा-वृंदावन में भीड़ को देखते हुए बांके बिहारी मंदिर के आसपास के क्षेत्रों को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया। मंदिर की संकरी गलियों में करीब 2 किलोमीटर तक श्रद्धालुओं की लाइन लगी रही। हालात को देखते हुए मंदिर प्रबंधन ने 5 जनवरी तक श्रद्धालुओं से वृंदावन न आने की अपील की है। होटल पूरी तरह फुल हैं और किरायों में करीब 30 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई।
राजस्थान के जैसलमेर में बीते 10 वर्षों की सबसे अधिक भीड़ दर्ज की गई। वहीं सीकर के खाटूश्यामजी मंदिर में नववर्ष के मौके पर 72 घंटे लगातार दर्शन की व्यवस्था की गई है।
उज्जैन में महाकाल लोक और महाकालेश्वर मंदिर में नववर्ष के पहले दिन करीब 12 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने विशेष इंतजाम किए हैं। 31 दिसंबर और 1 जनवरी के लिए 200 सीसीटीवी कैमरे, 5 ड्रोन, अश्वरोही दल, 1200 पुलिसकर्मी और 150 महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।
जम्मू-कश्मीर में पहलगाम आतंकी हमले के बाद एक बार फिर घाटी में रौनक लौटती दिखी। गुलमर्ग और पहलगाम जैसे विंटर डेस्टिनेशन में सैलानियों की भारी भीड़ है और होटलों की बुकिंग लगभग 100 प्रतिशत तक पहुंच गई है। छत्तीसगढ़ में भी नववर्ष को लेकर धार्मिक स्थलों पर भारी भीड़ रही। रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर, दंतेवाड़ा की मां दंतेश्वरी मंदिर, डोंगरगढ़ की मां बम्लेश्वरी मंदिर और रायपुर के राम मंदिर में लाखों श्रद्धालु पहुंचे।
उज्जैन में शराब बंदी का असर नववर्ष की पार्टियों पर साफ नजर आया। नगर निगम सीमा में शराब बिक्री और परोसने पर प्रतिबंध के चलते कई होटलों और क्लबों में इस बार नववर्ष की पार्टियां नहीं हुईं। हालांकि, महाकाल मंदिर को नववर्ष के लिए भव्य रूप से सजाया गया है।
बड़ौदा की 108 सदस्यीय टीम द्वारा 11 हजार डमरू और 5 लाख रुद्राक्ष से महाकाल लोक और मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है। कुल मिलाकर, बीते दिन देशभर में नववर्ष से पहले आस्था और उत्साह का माहौल देखने को मिला, जहां लाखों लोगों ने मंदिरों में पहुंचकर नए साल के लिए मंगलकामनाएं कीं।

### आपदा के दौर में खतरे का न्यौता!

# चंबा के छतरी ब्लॉक में अवैध कश्मल से बढ़ी चिंता, ठंड में पहरा देने को मजबूर हैं ग्रामीण

**मंजूर पठान। चंबा**
**समर न्यूज**

हिमाचल प्रदेश में जहां एक ओर आपदा प्रबंधन अधिनियम लागू है, वहीं दूसरी ओर हालात ऐसे बनते दिख रहे हैं मानो सरकार खुद ही आने वाली आपदा को न्योता दे रही हो। चंबा जिला के मसरूड रेंज अंतर्गत छतरी ब्लॉक में निजी भूमि की आड़ में बड़े पैमाने पर कश्मल निकालने की अनुमति ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि इस बहाने सरकारी वन भूमि से धड़ल्ले से अवैध कश्मल उखाड़ी जा रही है, जिससे क्षेत्र में भविष्य की बड़ी प्राकृतिक आपदा का खतरा बढ़ गया है। प्रदेश बीते तीन वर्षों से



पहरा देते ग्रामीण। - समर न्यूज

लगातार प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है। हालात ऐसे हैं कि पंचायती राज चुनाव तक नहीं हो पाए और विकास कार्य लगभग ठप पड़े हैं। इसके बावजूद, स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की लापरवाही के चलते वन क्षेत्रों के साथ खुला खिलवाड़ किया जा रहा है। छतरी ब्लॉक में स्थिति यह है कि रात के अंधेरे में बड़ी-बड़ी गाड़ियों में कश्मल भरकर ले जाया जा रहा है, लेकिन वन विभाग की मौजूदगी कहीं नजर नहीं आती।

स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग मानो पूरी तरह गायब हो गया है। कोई रोक-टोक नहीं है और न ही निगरानी। मजबूरी में ग्रामीणों ने खुद मोर्चा संभाल लिया है। ठंड के इस मौसम में पिछले पंद्रह दिनों से ग्रामीणों ने टीमें बनाकर रात-दिन जंगलों की पहरेदारी शुरू कर दी है, ताकि अवैध कटान को रोका जा सके।

ग्रामीणों का आरोप है कि आपदा के नाम पर अवसर तलाशे जा रहे हैं और सरकारी जमीन को नुकसान पहुंचाकर भविष्य की आपदा की नींव रखी जा रही है। निजी भूमि की आड़ में जिस तरह से वन क्षेत्र को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, उससे भूस्खलन और बाढ़ जैसी घटनाओं का खतरा और बढ़ सकता है। वन विभाग घरों में दुबका बैठा है। मजबूरी में हम लोग सर्द रातों में अपने जंगलों की रखवाली कर रहे हैं। सरकार से मांग है कि कश्मल निकालने की यह अनुमति तुरंत बंद की जाए, ताकि हमें आने वाले समय में किसी बड़ी आपदा का सामना न करना पड़े। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# नव वर्ष पर श्री नैना देवी में उमड़ा जन सैलाब

**सुभाष | बिलासपुर**
**समर न्यूज**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नैना देवी में नववर्ष के अवसर पर दो दिवसीय नववर्ष मेला श्रद्धा और उल्लास के साथ आरंभ हो गया है। नववर्ष की पूर्व संध्या और पहली जनवरी को माता के दरबार में धार्मिक पर्यटन का अद्भुत दृश्य देखने को मिल रहा है। अनुमान है कि इन दो दिनों में करीब दो लाख से अधिक श्रद्धालु मां नैना देवी के दर्शन कर नववर्ष का शुभारंभ करेंगे। नववर्ष मेले को लेकर हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन, मंदिर न्यास और संबंधित विभागों ने व्यापक प्रबंध किए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुचारू दर्शन व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध तरीके से ही माता रानी के दर्शन करवाए जा रहे हैं, ताकि किसी प्रकार की




अव्यवस्था न हो।नववर्ष मेले के दौरान पंजाब, हरियाणा, दिल्ली सहित अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दरबार में पहुंच रहे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर परिसर और आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया है। इसके साथ ही मंदिर के सदा व्रत लंगर में श्रद्धालुओं के लिए भोजन की समुचित व्यवस्था की गई है। पंजाब की विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा भी नववर्ष के उपलक्ष्य पर विशाल भंडारों का आयोजन किया गया है, जहां श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट प्रसाद और भोजन परोसा जा रहा है। मंदिर के पुजारी प्रवेश कुमार गौतम ने बताया कि नववर्ष को लेकर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मंदिर न्यास श्रद्धालुओं की सुविधा, ठहरने, खान-पान और सुरक्षा को लेकर पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि वे सुरक्षाकर्मियों के निर्देशों का पालन करें और मंदिर क्षेत्र में आतिशबाजी व पटाखों का प्रयोग न करें।प्रशासन द्वारा पेयजल, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत आपूर्ति और परिवहन जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है।

# सीमाओं पर नाकाबंदी और हाईवे पर कड़ी चेकिंग

### नव वर्ष पर मंडी पुलिस अलर्ट, सार्वजनिक स्थानों पर शांति बनाए रखने की अपील

**धर्मवीर | मंडी**
**समर न्यूज़**

नए साल के जश्न के दौरान कानून व्यवस्था और यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए मंडी पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गई है। जिले में पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जश्न के नाम पर हुड़दंग, शराब पीकर वाहन चलाने, सार्वजनिक स्थलों पर अशांति फैलाने और यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

बीती रात से ही मंडी जिला की सभी प्रवेश सीमाओं पर पुलिस ने नाकाबंदी कर दी है। इसके साथ ही चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे सहित प्रमुख मार्गों पर वाहनों की गहन जांच की जा रही है। हाईवे



पुलिस नाका लगाकर चेकिंग करते हुए। - समर न्यूज़

पर यातायात दबाव को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है, ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके।

पुलिस की टीमें हाईवे पर आने-जाने वाले वाहनों की नियमित जांच कर रही हैं। विशेष रूप से शराब पीकर वाहन चलाने, ओवरस्पीडिंग और बिना दस्तावेजों के वाहनों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। इसके अलावा पर्यटन स्थलों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में भी पुलिस की गश्त बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी तरह की कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा न हो।

पुलिस अधीक्षक मंडी साक्षी वर्मा ने बताया कि नववर्ष के मौके पर जिले में वाहनों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में यातायात को सुचारू रखने और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों और स्थानीय लोगों को सुरक्षित माहौल प्रदान करना है।

साक्षी वर्मा, पुलिस अधीक्षक मंडीः नए साल के दौरान हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इसी को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। हमारी प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसपी मंडी ने पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर शांति बनाए रखें और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कानून तोड़ने वालों के साथ किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी। पुलिस प्रशासन का कहना है कि सुरक्षा और अनुशासन के साथ ही नववर्ष का स्वागत सभी के लिए सुरक्षित और यादगार बनाया जाए।

### टांडा अस्पताल से लेकर राशन डिपुओं तक बदहाली

# विधायक पवन काजल का कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार

**समर न्यूज़ | कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार को लेकर भाजपा ने एक बार फिर आक्रामक रुख अपनाया है। कांगड़ा जिले के सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल टांडा की व्यवस्थाओं, डिपुओं में राशन की कमी और कांग्रेस की चुनावी गारंटियों को लेकर कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पवन काजल ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

जवाली विधानसभा क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार के कार्यकाल में आम जनता बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है।

विधायक पवन काजल ने कहा कि प्रदेश का सबसे बड़ा स्वास्थ्य संस्थान टांडा अस्पताल बदहाल स्थिति में पहुंच चुका है। उन्होंने



आरोप लगाया कि आज हालात यह हैं कि मामूली पथरी जैसे ऑपरेशन के लिए भी मरीजों को कई-कई महीनों बाद की तारीख दी जा रही है। इससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुधारने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है।

टांडा अस्पताल की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। छोटे ऑपरेशन के लिए भी लोगों को छह महीने तक इंतजार करना पड़ रहा है। स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। इसके साथ ही राशन डिपुओं में लोगों को पूरा राशन तक नहीं मिल पा रहा। पवन काजल ने कांग्रेस सरकार की छह गारंटियों पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि हर साल एक लाख नौकरियां देने और 58 साल की उम्र तक पक्की नौकरी देने जैसे वादे केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि महिलाओं को 1500 रुपये देने की घोषणा का लाभ अब तक जमीनी स्तर पर कहीं नजर नहीं आया है। मुख्यमंत्री कहते हैं कि छह गारंटियां पूरी हो चुकी हैं, लेकिन सच्चाई यह है कि धरातल पर एक भी गारंटी पूरी होती नहीं दिख रही। आज तक एक भी ऐसी महिला सामने नहीं आई, जिसके खाते में 1500 रुपये आए हों।

भाजपा विधायक ने प्रदेश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति के लिए भी कांग्रेस सरकार को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल में शुरू की गई कई जनहितकारी योजनाओं को मौजूदा सरकार ने डिनोटिफाई कर दिया, जिससे विकास की गति रुक गई है। पवन काजल ने कहा कि भाजपा विकास और ईमानदार राजनीति में विश्वास रखती है, जबकि कांग्रेस सरकार जनता से किए वादों पर खरी नहीं उतर पाई है।

# माता चिंतपूर्णी मंदिर में नव वर्ष की पूर्व संध्या पर भक्तों का उमड़ा सैलाब

**विकास। चिंतपूर्णी**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ माता श्री चिंतपूर्णी मंदिर में वर्ष 2025 के अंतिम दिन और नव वर्ष के पहले दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। बुधवार को तापमान में गिरावट, कड़ाके की ठंड और घना कोहरा रहने के बावजूद भक्तों का उत्साह कम नहीं हुआ। नई साल की शुरुआत माता रानी के आशीर्वाद से करने की लालसा के चलते भक्त देर रात तक मंदिर पहुंचते रहे। जिला प्रशासन और पुलिस ने मेले के सुचारू संचालन के लिए विशेष सुरक्षा और यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया। ट्रैफिक पुलिस नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई कर रही है, जिससे मंदिर तक श्रद्धालुओं की आवाजाही आसान और सुरक्षित बनी हुई है। मंदिर में दर्शनार्थियों के



लिए विभिन्न लंगर संस्थाएं सक्रिय हैं, जो श्रद्धालुओं को स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध करा रही हैं। वहीं, मंदिर के पुजारियों द्वारा नव वर्ष के अवसर पर विशेष हवन और पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी के सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की गई।भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है और मंदिर परिसर भक्तिमय माहौल से भरपूर है। प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने कहा कि इस प्रकार की व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक अनुभव मिल सकेगा। नव वर्ष के आगमन के साथ ही माता चिंतपूर्णी के दरबार में भक्तों का उत्साह और श्रद्धा का उत्सव चरम पर पहुंच गया है।

# डॉक्टर-मरीज विवाद के बाद आइजीएमसी प्रशासन सक्रिय

### हर दिन सेहत अभियान से बढ़ाई जा रही स्वास्थ्य व अधिकारों की जागरूकता

**संजू। शिमला**
**समर न्यूज**

शिमला के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज में हाल ही में सामने आए डॉक्टर-मरीज विवाद के बाद अस्पताल प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। प्रशासन अब न केवल स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने पर ध्यान दे रहा है, बल्कि अस्पताल आने वाले लोगों को उनके अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति भी जागरूक कर रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को अस्पताल परिसर में 'हर दिन सेहत अभियान' के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम के तहत मरीजों, उनके तीमारदारों और जांच के लिए आने वाले लोगों को स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गईं। साथ ही उन्हें अस्पताल में उपलब्ध




हर दिन सेहत अभियान के बारे में बताते अधिकारी। - समर न्यूज

सुविधाओं, मरीजों के अधिकारों और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े नियमों के बारे में भी अवगत कराया गया। यह अभियान अपने एक वर्ष पूरे कर चुका है, जिसे IGMC प्रशासन की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अभियान के एक वर्ष पूरे होने के अवसर पर अस्पताल परिसर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. राहुल राव ने की।

बैठक के दौरान डॉ. राहुल राव ने इस अभियान से जुड़े सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ और अन्य कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं और उनके प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हर दिन सेहत अभियान' का उद्देश्य केवल मरीजों का इलाज करना नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ जीवनशैली और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना भी है।

डॉ. राहुल राव ने बताया कि इस अभियान के तहत प्रतिदिन अस्पताल आने वाले लोगों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी एकत्र की जाती है, जिससे उनकी जरूरतों को बेहतर तरीके से समझा जा सके। इसमें सभी विभागों के डॉक्टरों के साथ-साथ अस्पताल का पूरा स्टाफ सक्रिय रूप से भाग लेता है।

निरंतर प्रयास, टीमवर्क और समर्पण के चलते यह अभियान प्रभावी साबित हुआ है। एक वर्ष की सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि सामूहिक प्रयासों से न केवल अस्पताल का माहौल बेहतर बनाया जा सकता है, बल्कि समाज के स्वास्थ्य स्तर में भी सकारात्मक बदलाव लाया जा सकता है।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 को मिली बड़ी सफलता

**अरविंद | हमीरपूर**
**समर न्यूज़**

हिमाचल प्रदेश में युवाओं को तंबाकू सेवन से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग द्वारा चलाया गया तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 हमीरपुर जिला में प्रभावी रूप से संपन्न हुआ। यह विशेष अभियान 9 अक्टूबर 2025 से 8 दिसंबर 2025 तक दो माह की अवधि में चलाया गया, जिसमें व्यापक जनजागरूकता और सख्त प्रवर्तन दोनों पर विशेष जोर दिया गया। अभियान के तहत हमीरपुर जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों, गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले शारीरिक और मानसिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई, वहीं तंबाकू नियंत्रण कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ



कार्रवाई भी अमल में लाई गई।मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) प्रवीण कुमार चौधरी ने बताया कि अभियान के दौरान जिले भर में तंबाकू नियंत्रण अधिनियम के उल्लंघन के कुल 1260 चालान किए गए। इन चालानों के माध्यम से 93 हजार 41 रुपये की जुर्माने राशि वसूली गई। उन्होंने कहा कि यह कार्रवाई केवल दंड देने के उद्देश्य से नहीं, बल्कि समाज में यह स्पष्ट संदेश देने के लिए की गई कि तंबाकू के खिलाफ सख्त रुख अपनाया गया है और कानून का पालन सभी के लिए जरूरी है। हमारा उद्देश्य लोगों को दंडित करना नहीं, बल्कि उन्हें तंबाकू से होने वाले नुकसान के प्रति जागरूक करना है, ताकि समाज स्वस्थ दिशा में आगे बढ़ सके।

### सरकार शीतलपुर में टाउनशिप के नाम पर ज़मीन अपने करीबी कारोबारियों और मित्रों को देने की योजना बना रही

# ऑन सेल की फितरत से बाज नहीं आ रही है सुक्खू सरकार

**समर न्यूज़ | शिमला**

शिमला से जारी बयान में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि सुक्खू सरकार हिमाचल ऑन सेल की अपनी फितरत से बाज नहीं आ रही है और आए दिन हिमाचल प्रदेश को बेचने के रास्ते तलाशती रहती है। अब सरकार शीतलपुर में 3485 बीघा ज़मीन में टाउनशिप के नाम पर प्रदेश की ज़मीन अपने करीबी कारोबारियों और मित्रों को देने की योजना बना रही है। इसे बकायदा बीते कल कैबिनेट से भी स्वीकृत दे दी है। इसमें सरकार की योजना बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार की है। इस योजना के अंतर्गत आने वाली कुल ज़मीन की क़ीमत सर्कल रेट के हिसाब से 754 करोड़ रुपए के आस पास आंकी गई है, जबकि चंडीगढ़ के पास होने के कारण इस ज़मीन का बाज़ार मूल्य पांच हज़ार करोड़ रुपए से ज़्यादा की है। इस ज़मीन पर सरकार की नज़र है। जिसके लिए सरकार बड़े खेल की तैयारी कर रही है। जिस बीबीएन क्षेत्र की ज़मीन और जंगल पर सरकार यह टाउनशिप बनाकर अपने मित्रों को सौंपने की योजना बना रही है उसका बीबीएन क्षेत्र के पारिस्थितिकी संतुलन में बहुत योगदान है। उस जगह को छेड़ना प्रदेश के पारिस्थितिकी तंत्र को भी नुकसान पहुँचाएगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि इसी तरह से जिला सिरमौर के पच्छाद विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मोरनी हिल्स के माहोल जनोट पंचायत में 134 बीघा में टाउनशिप के नाम पर बड़ा खेल हो रहा है। यह ज़मीन पहले हिमुडा और बाद में बड़े बिल्डर्स को देने की तैयारी में हैं। इसी तरह की योजना सरकार शीतलपुर में भी बना रही है। जहाँ पर अभी से प्रशासन द्वारा पंचायतों के



जयराम ठाकुर। - समर न्यूज

प्रतिनिधियों को ज़मीन देने के लिए एनओसी देने के लिए तमाम तरह से डरा धमकाकर उन पर दबाव बनाया जा रहा है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। एनओसी देने के लिए दबाव बनाने का क्या औचित्य हैं? इस सरकार की हर योजना में भ्रष्टाचार के रास्ते बना लिए जाते हैं। जिसमें ऊपर से नीचे तक सब के सब शामिल होते हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि यह सरकार अपने पहले दिन से ही हिमाचल ऑन सेल के मिशन पर काम कर रही है। सत्ता में आने के साथ ही हिमाचल टूरिज्म के होटल को निजी हाथों में देने की योजना बनाई फिर प्रदेश के अन्य संसाधनों और मेडिकल डिवाइसेज पार्क की ज़मीन को बेचने में जुटी। पालमपुर कृषि विश्वविद्यालय की 112 हेक्टेयर ज़मीन बेच दी। जिसे माननीय न्यायालय ने रोका। हिमाचल और हिमाचलियत की आत्मा कहे जाने वाली धारा 118 में कई बार संशोधन करके उसमें चोर दरवाज़े खोल दिए। पॉवर प्रोजेक्ट्स और औद्योगिक क्षेत्रों के बाहर उद्योगों लगाने के नाम पर ज़मीन देने का खेल अलग से चल रहा है। जिसे पूरे देश ने देखा कि किस तरह से लोग धारा 118 में छूट दिलवाने की ठेकेदारी करके पैसे वसूल रहे थे। अब टाउनशिप के नाम पर बड़ा खेल शुरू हो गया और और हजारों करोड़ की जमीनें अपने चहेतों में बंदरबांट करने का रास्ता खोल रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा विकास की विरोधी नहीं लेकिन सुक्खू सरकार की हर योजना घोटाले को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। जहां सरकार की मंशा विकास के नाम पर राज्य के संसाधनों की लूट करना और मित्र मंडली को लाभ पहुंचाने तक ही सीमित होती है। जयराम ठाकुर ने नव वर्ष के अवसर पर प्रदेश की जनता को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने कामना की कि नया वर्ष प्रदेश व देश के लिए खुशहाली, शांति, समृद्धि और नई संभावनाएँ लेकर आए। उन्होंने कहा कि ने कहा कि बीता वर्ष चुनौतियों और सीखों से भरा रहा, लेकिन प्रदेशवासियों ने हौसले, संयम और एकजुटता के साथ परिस्थितियों का सामना किया। साथ ही उन्होंने में ईश्वर सभी प्रदेशवासियों पर कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की।

### मैदानी क्षेत्रों में मौसम की बेरुखी, बारिश के इंतजार में रबी की फसलें

# निचले क्षेत्रों में सूखा बना किसानों की परेशानी

**संजीव महाजन । कांगड़ा**
**समर न्यूज़**

जिला कांगड़ा के निचले मैदानी क्षेत्रों में मौसम की बेरुखी अब किसानों के लिए गंभीर संकट का रूप ले चुकी है। नूरपुर, ज्वाली, फतेहपुर और इंदौरा जैसे इलाकों में बीते दो से तीन महीनों से बारिश न होने के कारण कृषि गतिविधियां बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। रबी सीजन के दौरान पर्याप्त नमी न मिलने से गेहूं सहित अन्य फसलों पर खतरा मंडरा रहा है, वहीं शुष्क ठंड के कारण आम जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। लंबे समय से बारिश न होने के कारण खेतों की मिट्टी पूरी तरह सूख चुकी है। जिन किसानों ने समय पर गेहूं और अन्य रबी फसलों की बुवाई कर दी थी, उनकी फसलें सही तरह से अंकुरित नहीं हो पा रही हैं। दूसरी ओर, कई किसान ऐसे भी हैं जिन्होंने बीज और खाद की खरीद तो कर ली, लेकिन



सूखे खेत बारिश के इंतजार में। - समर न्यूज़

बारिश के अभाव में अब तक बुवाई शुरू नहीं कर सके हैं। इससे उनकी लागत बढ़ने के साथ-साथ उत्पादन को लेकर भी अनिश्चितता बनी हुई है। किसान कर्ण हीर का कहना है कि इस वर्ष मौसम ने किसानों को गहरी चोट दी है। उन्होंने बताया कि कई गांवों में किसान अभी तक गेहूं की बिजाई नहीं कर पाए हैं क्योंकि पूरी खेती बारिश पर निर्भर है। उन्होंने फिन्ना सिंह नहर परियोजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना वर्षों से कागजों में ही सिमटी हुई है। यदि यह नहर बन जाती, तो दर्जनों पंचायतों के किसानों को सिंचाई की सुविधा मिल सकती थी और आज ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। स्थानीय किसान विजय कुमार ने बताया कि जिन किसानों ने किसी तरह फसल बो भी दी है, उन्हें इस समय सबसे ज्यादा पानी की जरूरत है। कई खेतों में बीज जमीन में पड़े हैं, लेकिन नमी न होने के कारण अंकुरण नहीं हो पाया। मौसम विभाग की ओर से बारिश की संभावनाएं जताई गई थीं, लेकिन अब तक आसमान साफ ही रहा है। किसान अब केवल ईश्वर की कृपा पर भरोसा लगाए बैठे हैं।बारिश की कमी का असर सिर्फ खेती तक सीमित नहीं है।

# ट्राईसिटी में पुलिस अलर्ट पर रही, पंचकूला में 48 और चंडीगढ़ में 70 नाके लगाए गए

## चंडीगढ़ में 10 सड़कें नो व्हीकल जोन की गई थी घोषित, 1,100 पुलिसकर्मी रहे तैनात

**समर न्यूज़ | चंडीगढ़**

ट्राईसिटी में नए साल के जश्न को लेकर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में रही। बीते दिन हरियाणा के पंचकूला में जहां पब संचालकों के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए, वहीं चंडीगढ़ में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कई प्रमुख सड़कों को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया।



नाके लगाकर चेकिंग करती हुई पुलिस। - समर न्यूज़

पंचकूला पुलिस ने नए साल के जश्न के दौरान पब और बार संचालकों की जिम्मेदारी तय की। पुलिस ने स्पष्ट किया कि यदि कोई व्यक्ति पब में शराब के नशे में पाया जाता है और उसके पास ड्राइवर की व्यवस्था नहीं है, तो उसे सुरक्षित घर पहुंचाने की जिम्मेदारी पब संचालक की होगी। इस संबंध में पुलिस ने पहले ही सभी पब मालिकों को सूचित कर दिया था। पंचकूला डीसीपी क्राइम मनप्रीत सूदन ने बताया कि नए साल की रात महिलाओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। यदि कोई महिला किसी स्थान पर फंस जाती है या असुरक्षित महसूस करती है तो डायल 112 सेवा के माध्यम से उसे तुरंत घर तक पहुंचाया जाएगा। पुलिस की टीमें लगातार गश्त पर रहीं और किसी भी प्रकार की शिकायत पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की गई। शहर में किसी भी तरह के हुड़दंग को रोकने के लिए करीब 500 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई। क्राइम ब्रांच को दो टीमों में बांटकर अलग-अलग क्षेत्रों में गश्त की जिम्मेदारी सौंपी गई। ड्रिंक एंड ड्राइव पर लगाम लगाने के लिए विशेष नाके लगाए गए, जहां एल्को-सेंसर से जांच की गई। नशे में वाहन चलाते पकड़े गए लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की गई। इसके साथ ही दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों की रैंडम तलाशी भी ली गई।

पंचकूला में 48 प्रमुख स्थानों पर नाके लगाए गए, जबकि 29 राइडर, 12 पीसीआर और 19 ईआरवी लगातार गश्त पर रहीं। माता मनसा देवी मंदिर और काली माता मंदिर, कालका में श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। उधर, चंडीगढ़ में नए साल की पूर्व संध्या पर 10 प्रमुख सड़कों को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया। ये प्रतिबंध 31 दिसंबर रात 9:30 बजे से 1 जनवरी रात 2 बजे तक लागू रहे। चंडीगढ़ एसएसपी कंवरदीप कौर ने बताया कि शहर में करीब 1100 पुलिसकर्मी तैनात किए गए और 70 स्थानों पर नाकेबंदी की गई। 17 डीएसपी और इंस्पेक्टर फील्ड में तैनात रहे, जबकि बॉर्डर एरिया पर विशेष निगरानी रखी गई, ताकि नए साल का जश्न शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

## विधवाओं के व्यक्तिगत कारोबार के लिए ऋण योजना की शुरू

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

हरियाणा महिला विकास निगम ने विधवा महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से व्यक्तिगत कारोबार स्थापित करने हेतु बैंकों के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का ऋण दिलवाने की योजना शुरू की है। योजना के तहत जिले के लिए 20 मामलों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला प्रबंधक कमलेश कुमारी ने बताया कि इस योजना के लिए 18 से 60 वर्ष आयु की वे महिलाएं पात्र होंगी जिनकी वार्षिक आय 3 लाख रुपये तक है। कुल ऋण राशि का 10 प्रतिशत महिला को स्वयं वहन करना होगा, जबकि शेष राशि बैंक द्वारा दी जाएगी। बैंक ऋण पर लगने वाले ब्याज की प्रतिपूर्ति निगम द्वारा सब्सिडी के रूप में की जाएगी, जिसकी अधिकतम सीमा 50 हजार रुपये या 3 वर्ष होगी।

## डिप्टी कमिश्नर ने किया 2026 का कैलेंडर रिलीज



2026 का कैलेंडर रिलीज करती हुई डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल। - समर न्यूज़

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

भगत पूरन सिंह एनवायरनमेंटल कंजर्वेशन सोसाइटी ने डिस्ट्रिक्ट डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल से नए साल- 2026 का कैलेंडर रिलीज करवाया। इस मौके पर डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने सोसाइटी के मेंबर्स को नए साल की बधाई दी। इस मौके पर सोसाइटी के प्रेसिडेंट गुरमेल सिंह मोजोवाल, चीफ एडवाइजर हरिंदर पाल सिंह हैरी, वाइस प्रेसिडेंट धर्मपाल होशियारपुरी, सेक्रेटरी गुरदीप सिंह और मेंबर बलबीर सिंह मौजूद थे। यह सोसाइटी पिछले 20 सालों से एनवायरनमेंट को बचाने की कोशिश कर रही है और पिछले 14 सालों से कैलेंडर भी प्रिंट कर रही है।

### सेक्टर-5 में अनिश्चितकालीन प्रदर्शन में हुए शामिल

# जजपा नेताओं ने HPSC एस्पिरेंट्स धरने को दिया समर्थन

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

हरियाणा सरकार के खिलाफ पिछले तीन दिनों से सेक्टर-5 धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रहे एचपीएससी एस्पिरेंट्स संघर्ष समिति को समर्थन देने पहुंचे जजपा पंचकूला जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग, महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश इकाई की प्रभारी डॉक्टर किरण पूनिया, प्रदेश उपाध्यक्ष केसी भारद्वाज, पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतबीर धनखड़, हल्का अध्यक्ष राजेश निषाद एवं अन्य नेता।



पिछले काफी समय से हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन ने प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों में जो रेगुलर भर्ती करने बारे कार्यवाही की है उसमें कमीशन ने प्रदेश के होनहार युवाओं को बिल्कुल दरकिनार करते हुए बाहरी राज्यों के उम्मीदवारों को भर्ती किया है।

हरियाणा पब्लिक सर्विस कमिशन ने अच्छा पेपर होने के बावजूद ज्यादातर उम्मीदवारों को 35 प्रतिशत से कम अंक देकर उनको फैल कर दिया गया है।

जजपा जिला अध्यक्ष ओपी सिहाग एवं डॉक्टर किरण पूनिया ने कहा कि बीजेपी सरकार प्रदेश के होनहार बेरोजगार नौजवानों को उच्च पदों पर नौकरी देना ही नहीं चाहती। वो हमारे नवयुवकों को केवल चपरासी की पोस्ट देना चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी की सरकार प्रदेश में बड़े पद यानी कॉलेज यूनिवर्सिटी में लेक्चरर, विभिन्न तकनीकी विभागों में अभियंता, हेल्थ विभाग में डॉक्टरों के रिक्त पदों सहित अन्य विभागों के अधिकारियों के पद भी एच के आर एन माध्यम से भरना चाहती है।

जजपा नेताओं ने कहा कि ये प्रदेश के होनहार, मेहनती एवं मेरिटोरियस युवाओं के साथ बहुत बड़ा मज़ाक एवं धोखा है।

उन्होंने कहा कि सरकार को चाहिए कि सभी रिक्त पदों को रेगुलर तरीके से भरा जाए,मेरिट एवं आरक्षण का पूरा ध्यान रखा जाए तथा हरियाणा के बेरोजगारों को ही नौकरी दी जाए। जजपा नेताओ ने कहा कि पार्टी प्रदेश के युवाओं के साथ खड़ी है।

# मोहाली में आम आदमी पार्टी को मिली मजबूती

## 58 परिवारों ने थामा पार्टी का दामन, वाल्मीकि समाज के 58 परिवार आम आदमी पार्टी में हुए शामिल

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

आम आदमी पार्टी परिवार और बढ़ गया जब हरमेश सिंह कुंबडा-ब्लॉक अध्यक्ष रमनप्रीत कौर कुंबडा पार्षद और हल्का कोऑर्डिनेटर महिला विंग, एसएएस नगर रीटा-ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बलौंगी महिला विंग, सरबजीत सिंह रॉकी - अध्यक्ष बाल्मीकि कॉलोनी बलौंगी के नेतृत्व में लगभग 58 परिवार शामिल हुए। उनका सेक्टर-79 स्थित आम आदमी पार्टी ऑफिस में विधायक कुलवंत सिंह और अन्य लोगों ने स्वागत किया।



आप में शामिल हुए लोग जानकारी देते हुए। - समर न्यूज़

विधायक कुलवंत सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि यह सब मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी सरकार और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल द्वारा पंजाब राज्य के विकास और भलाई के लिए किए जा रहे प्रयासों के कारण हो रहा है।

यह सिलसिला इसलिए आगे बढ़ रहा है क्योंकि पिछले कुछ दिनों से लगातार लोग बड़ी संख्या में कांग्रेस और दूसरी पार्टियों को छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता और समर्थक हर दिन शहर के अलग-अलग वार्ड और गांवों में जाकर रेगुलर सर्वे करते हैं, जिसके बाद एक रिपोर्ट तैयार करके संबंधित विभाग के अधिकारियों को दी जाती है, जिसके बाद उनकी समस्याओं को हल करने के लिए रेगुलर रूपरेखा बनाई जाती है और उन समस्याओं को योजनाबद्ध तरीके से हल किया जाता है। अब प्रदेश की जनता विपक्षी नेताओं की गुमराह करने वाली बातों पर बिल्कुल भी विश्वास नहीं करती, अब विपक्षी दलों के नेता जनता के भरोसे हैं, उन्हें अब क्या और कैसे करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि हरमेश सिंह कुंभडा, पार्षद- रमनप्रीत कौर कुंभडा, मैडम रीटा और सरबजीत सिंह व अन्य आम आदमी पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रहे हैं, जिससे पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं और समर्थकों का उत्साहवर्धन होता है। इस मौके पर राहुल, अंकुश, अभिषेक, सचिन, अमर, साहिल, आकाश, अरुण, राहुल, इंदर, दीपक, आनंद, मोहन लाल, सुशील कुमार, राहुल, रूपेश कुमार, पूजा, सरबजीत सिंह रोकी प्रधान, अजय, सतीश कुमार, अशोक, मदन लाल, विजय, संदीप कुमार, बबलू, लालो, मारी मुतो, गोबिंद, आनंद कुमार, गौतम, सुरिंदर, आशीष भी मौजूद थे।

# भारतीय स्नोशू टीम के लिए किट वितरण समारोह आयोजित

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

इटली में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने जा रही भारतीय स्नोशू टीम के लिए बुधवार को हरियाणा के पंचकूला के सेक्टर-12 स्थित द भारत स्कूल में किट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चितकारा विश्वविद्यालय के उप निदेशक गौरव पुंडीर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि समारोह में विशिष्ट अतिथि रोटरी क्लब ऑफ ट्राइसिटी पंचकूला और श्री मेहंदीपुर बालाजी महाराज ट्रस्ट पंचकूला के अध्यक्ष दिनेश बंसल, कैरम एसोसिएशन हरियाणा के सचिव नरेश शर्मा, निशु, द भारत स्कूल के अधिकारी, आबिद खान, महासचिव, स्नोशू फेडरेशन ऑफ इंडिया, तथा हरीश कुमार, उपाध्यक्ष, स्नोशू फेडरेशन ऑफ इंडिया उपस्थित रहे। 10 सदस्यीय भारतीय स्नोशू रनिंग टीम इटली के फोंडो शहर में आयोजित होने वाली 52वीं सियास्पोलाडा–2026 अंतरराष्ट्रीय स्नोशू दौड़ में भारत का प्रतिनिधित्व करेगी। टीम में खिलाड़ी मुज़ामिल हुसैन मीर, अक्षिर सिंह कुश, करण शर्मा, अंशुमान बोपराय, अंकित खोखर, अंजुम चौधरी, धानी मल्होत्रा और आशना चौधरी शामिल हैं। जबकि टीम अधिकारियों के रूप में आबिद खान और हरीश कुमार टीम के साथ रहेंगे।

सियास्पोलाडा को दुनिया की सबसे पुरानी और सबसे बड़ी स्नोशू प्रतियोगिता माना जाता है, जिसका आयोजन पिछले पांच दशकों से लगातार किया जा रहा है। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 15 से अधिक देशों की भागीदारी होगी और यह भारत की दूसरी भागीदारी होगी। टीम को सम्मानित करते हुए मुख्य अतिथि गौरव पुंडीर, दिनेश बंसल, नरेश शर्मा ने खिलाड़ियों की सराहना की और कहा कि स्नोशू रनिंग एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण सहनशक्ति वाला खेल है। उन्होंने कहा कि स्नोशू रनिंग में अपार सहनशक्ति, अनुशासन और दृढ़ संकल्प की आवश्यकता होती है।

### उपायुक्त ने बाढ़ नियंत्रण कार्यों एवं परियोजनाएं की समीक्षा की

# मॉनसून से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने कहा कि मानसून के दौरान जलभराव जैसी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग अभी से तैयारियां शुरू करें। बाढ़ नियंत्रण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में बाढ़ बचाव प्रबंधन को लेकर सिंचाई, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, राजस्व, लोक निर्माण तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने चंडीगढ़ में हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।



बाढ़ नियंत्रण कार्यों एवं परियोजनाएं की समीक्षा करते उपायुक्त। - समर न्यूज़

उपायुक्त सतपाल शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जारी किए गए दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जिले में उपलब्ध सभी पंप सेटों की विस्तृत सूची तैयार की जाए। जो पंप सेट खराब हैं, उनकी समय रहते मरम्मत करवाई जाए, ताकि जलभराव की स्थिति में किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने बाढ़ नियंत्रण के दृष्टिगत संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि संभावित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए अग्रिम योजना तैयार की जाए। इन क्षेत्रों में मानसून से पहले सभी आवश्यक तैयारियां पूरी की जाएं, ताकि बाढ़ या जलभराव जैसी समस्याएं उत्पन्न न हों। इसके साथ-साथ ड्रेनों व नालों की सफाई तथा बाढ़ प्रबंधन से संबंधित अन्य कार्य भी समय रहते पूरे किए जाएं। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने पर बल दिया। उपायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी बाढ़ नियंत्रण कार्य एवं परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी की जाएं। जो परियोजनाएं प्रगति पर हैं, उनमें तेजी लाई जाए और जो कार्य किए जाने हैं, उन्हें आपसी समन्वय स्थापित कर शीघ्र आरंभ किया जाए। बैठक में एसडीएम चंद्रकांत कटारिया, एसडीएम कालका संयम गर्ग, डीएफओ विशाल कौशिक, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता दीपक मेहरा, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता आशीष चौहान, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता समीर शर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गैर-कानूनी माइनिंग पर शिकंजा मोहाली में 7 विशेष टीमें गठित

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

जिले में गैर-कानूनी माइनिंग पर सख्ती करते हुए डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों की 7 विशेष टीमें गठित की हैं। ये टीमें 1 जनवरी 2026 से जिले के अलग-अलग इलाकों में रोजाना चेकिंग करेंगी और अपनी रिपोर्ट नियमित रूप से जिला प्रशासन को सौंपेंगी। डिप्टी कमिश्नर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि गैर-कानूनी माइनिंग के मामलों में एफआईआर दर्ज करते समय संबंधित वाहन का नंबर, वाहन मालिक का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए।

इसके साथ ही आरटीओ साहिबजादा अजीत सिंह नगर के सहयोग से टिपर, जेसीबी, पोकलेन, ट्रैक्टर-ट्रॉली जैसे वाहनों का एक विस्तृत डेटाबेस भी तैयार किया जाएगा, ताकि दोबारा इस्तेमाल पर तुरंत कार्रवाई की जा सके। गठित टीमों में खरड़ सब-डिवीजन में 3, डेराबस्सी सब-डिवीजन में 3 और साहिबज़ादा अजीत सिंह नगर सब-डिवीजन में 1 टीम को सक्रिय किया गया है।

खरड़ क्षेत्र में टी-प्वाइंट माजरी, सिसवां माजरा और डूब क्षेत्र में तैनात टीमें खनन विभाग, वन विभाग, लोक निर्माण विभाग और पुलिस के अधिकारियों की संयुक्त निगरानी में काम करेंगी। वहीं डेराबस्सी क्षेत्र में मुबारकपुर, लालरू और हुंडेसरन जैसे संवेदनशील इलाकों में टीमें चौकसी रखेंगी।

मोहाली सब-डिवीजन में बनूर-तेपला रोड और ज़ीरकपुर-पटियाला रोड क्रॉसिंग पर विशेष निगरानी की जाएगी। डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अवैध खनन में शामिल पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# औद्योगिक आपदा से निपटने की तैयारी

## टैंक लॉरी लीकेज की आपात स्थिति पर एनडीआरएफ-प्रशासन की संयुक्त मॉक ड्रिल

**प्रदीप सिंह हैप्पी | मोहाली**
**समर न्यूज़**

राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने जिला प्रशासन, एसएएस नगर के सहयोग से बुधवार को बीपीसीएल पीओएल फिलिंग प्लांट, लालड़ू में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य औद्योगिक आपात स्थितियों के दौरान तैयारियों और विभिन्न विभागों के बीच समन्वय का आकलन करना था। जानकारी देते हुए एनडीआरएफ की 7वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट दीपक सिंह ने बताया कि गैंट्री पर टैंक लॉरी (टीएल) में उत्पाद की लोडिंग के दौरान यांत्रिक खराबी/लीकेज के कारण उत्पाद रिसाव की एक आपातकालीन स्थिति का सृजन किया गया। डेरा बस्सी के तहसीलदार एवं स्थानीय प्रशासन की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन का नेतृत्व कर रहे मेजर (सेवानिवृत्त) सुमीत सिंह ढिल्लों ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य किसी बड़े औद्योगिक हादसे की स्थिति में वास्तविक समय में प्रतिक्रिया व्यवस्था का मूल्यांकन करना था। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों के बीच समन्वय की जांच की गई, जो संतोषजनक पाई गई। एनडीआरएफ के डिप्टी कमांडेंट दीपक सिंह ने कहा कि प्राकृतिक एवं दुर्घटनावश आपदाओं से निपटने के लिए नोडल एजेंसी होने के नाते एन डी आर एफ सदैव अग्रिम पंक्ति में रहकर कार्य करता है।



एनडीआरएफ-प्रशासन की संयुक्त टीम मॉक ड्रिल करती हुई। - समर न्यूज़

**उपलब्धि**

### पुलिस ने 20 मोबाइल असली मालिकों को लौटाए

# नव वर्ष पर पुलिस ने खोए मोबाइल लौटाकर लोगों के चेहरे पर लाई मुस्कान

**समर न्यूज़ | पंचकूला**

नव वर्ष 2026 के स्वागत के बीच पुलिस ने दिसंबर माह में ट्रेस किए गए 20 खोए/चोरी हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को लौटाकर बड़ी खुशखबरी दी। इन मोबाइल फोन की अनुमानित कीमत लगभग 5 लाख रुपये आंकी गई है। मोबाइल लौटने के बाद धारकों के चेहरे पर संतोष और खुशी साफ देखी जा सकती थी। एसीपी विक्रम नेहरा ने मोबाइल धारकों से मिलकर उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं दीं और कहा कि पंचकूला पुलिस का मुख्य उद्देश्य जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करना और पुलिस व नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करना है। उन्होंने बताया कि तकनीक और टीमवर्क के जरिए साइबर सेल लगातार गुम हुए मोबाइल फोन को ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचा रही है।



खोए मोबाइल लौटाती हुई पुलिस की टीम। - समर न्यूज़

एसीपी नेहरा ने यह भी जानकारी दी कि साल 2025 में पंचकूला पुलिस की साइबर सेल ने कुल 150 मोबाइल फोन ट्रेस कर उनके मालिकों को लौटाए। मोबाइल लौटने पर सभी धारकों ने पुलिस और साइबर सेल टीम का धन्यवाद किया। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने इस सफलता का श्रेय साइबर सेल की पूरी टीम को दिया। उन्होंने बताया कि साइबर सेल की टीम में इंस्पेक्टर निर्मल सिंह, सब इंस्पेक्टर रामू स्वामी, सिपाही रजनीश और सिपाही पवन सहित अन्य सदस्य कड़ी मेहनत, तकनीकी दक्षता और समन्वय के साथ काम कर रहे हैं।

साथ ही पुलिस ने गुम या चोरी हुए मोबाइल को ट्रैक और ब्लॉक करने के लिए CEIR पोर्टल का उपयोग करने की जानकारी भी साझा की। इसके लिए सबसे पहले मोबाइल गुम होने की रिपोर्ट अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराएं। इसके बाद ceir.gov.in पर जाकर "Block Your Lost/Stolen Mobile" विकल्प चुनें। पोर्टल पर मोबाइल नंबर, IMEI नंबर, मोबाइल ब्रांड और मॉडल, FIR नंबर, और पहचान पत्र जैसी जानकारी भरकर फॉर्म सबमिट करें। सफल सबमिशन के बाद Request ID मिलेगी, जिससे आप आवेदन की स्थिति ऑनलाइन ट्रैक कर सकते हैं।

पंचकूला पुलिस की यह पहल न केवल मोबाइल चोरी के मामलों में मददगार साबित हो रही है, बल्कि नागरिकों में पुलिस के प्रति भरोसा भी बढ़ा रही है।

# सेहत के लिए वरदान हैं सीजनल फ्रूट

## ये फल इम्यूनिटी बूस्ट कर बीमारियों से रखते हैं कोसों दूर

**लुधियाना।** सर्दियों की कड़ाकड़ाती ठंड, घना कोहरा, शीतलहर और ठिठुरन भरी हवाओं ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। इस मौसम में इम्यूनिटी कमजोर पड़ने से अक्सर लोग सर्दी-खांसी, जुकाम और बुखार से पीड़ित हो जाते हैं। अच्छी बात यह है कि इस मौसम में मिलने वाले फल शरीर को अंदर से गर्माहट, भरपूर पोषण और मजबूत रोग प्रतिरोधक क्षमता देते हैं। आयुर्वेद में मौसमी फलों सेहत के लिए वरदान माने जाते हैं। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय मौसमी और ताजे फलों के महत्व से अवगत कराता है। मंत्रालय के अनुसार, "ताजा खाएं, मौसमी खाएं"। आयुर्वेद में इस बात पर विशेष जोर दिया जाता है कि सही मौसम के फल आसानी से पचते हैं और जीवन ऊर्जा से भरपूर होते हैं। प्रोसेस्ड नाश्ते या जंक फूड की जगह लोकल और मौसमी फलों का चुनाव करें, जो नेचुरल विटामिन, फाइबर और हाइड्रेशन देते हैं।
आयुर्वेद के अनुसार, मौसमी फल सेहत के लिए वरदान हैं क्योंकि ये प्रकृति के साथ तालमेल में उगते हैं। मौसम के अनुसार फल खाने से शरीर के दोष (वात, पित्त, कफ) संतुलित रहते हैं। ये फल पके हुए और ताजे होने से पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, आसानी से पचते हैं और शरीर को मौसम की जरूरतों के अनुसार पोषण देते हैं। जैसे सर्दियों में ठंड और सूखे मौसम से बचाव के लिए विटामिन सी युक्त फल इम्यूनिटी बढ़ाते हैं, संक्रमण से लड़ते हैं और शरीर को गर्म रखते हैं। दूसरे सीजन के फलों में कीटनाशक ज्यादा होते हैं और पोषण कम, जबकि मौसमी फल प्राकृतिक रूप से मीठे, रसीले और औषधीय गुणों से भरपूर होते हैं। मौसमी फलों के नियमित सेवन से पाचन अच्छा रहता है, त्वचा चमकदार बनती है, वजन नियंत्रित रहता और ऊर्जा बनी रहती है।
सर्दियों के प्रमुख मौसमी फलों में संतरा किन्नू हैं, जो विटामिन सी का खजाना है। यह सर्दी-जुकाम से बचाव और इम्यूनिटी बूस्ट करते हैं। अमरूद फाइबर और विटामिन सी से भरपूर होता है, जो पाचन सुधारता है और ब्लड शुगर कंट्रोल करता है। आंवले को आयुर्वेद में सुपरफूड भी कहा जाता है, जो एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर, बाल-सौंदर्य और डिटॉक्स के लिए बेहतरीन हैं।
वहीं, अनार ब्लड सर्कुलेशन सुधारता है और हृदय स्वास्थ्य अच्छा रखता है। कम कैलोरी, विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर स्ट्रॉबेरी त्वचा और इम्यूनिटी के लिए फायदेमंद है। इसके अलावा अंगूर, सेब, नाशपाती और कीवी, गाजर और टमाटर भी शरीर के लिए फायदेमंद होता है। ये हाइड्रेशन, फाइबर और मिनरल्स प्रदान करते हैं, ठंड में ऊर्जा बनाए रखते हैं।
आयुर्वेद सलाह देता है कि इन फलों को ताजा खाएं। जूस बनाकर या सलाद में मिलाकर सुबह या दोपहर में खाएं। रात में फलों का सेवन नहीं करना चाहिए। प्रोसेस्ड जूस से बचें।



### सारा तेंदुलकर बनीं ब्रांड एंबेसडर

# पीएनजी ज्वेलर्स ने लाइट स्टाइल बाय पीएनजी के जरिए विकास को दी रफ्तार




**अमृतसर।** पीएनजी ज्वेलर्स के समकालीन और हल्के वजन वाले आभूषण ब्रांड लाइटस्टाइल बाय पीएनजी ने सारा तेंदुलकर को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। यह साझेदारी ब्रांड को युवा और भविष्य के ज्वेलरी उपभोक्ताओं से जोड़ने की दिशा में एक अहम कदम मानी जा रही है।
लगभग दो सदियों से भरोसे का प्रतीक रहे पीएनजी ज्वेलर्स और आधुनिक सोच के साथ तैयार किए गए लाइटस्टाइल के बीच यह पहल पुराने और नए ग्राहकों के बीच एक मजबूत सेतु का काम करेगी। लाइटस्टाइल को खास तौर पर आधुनिक रिटेल फॉर्मेट, समकालीन डिजाइन और ओमनीचैनल अनुभव के साथ नई पीढ़ी की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित किया गया है।
पीएनजी ज्वेलर्स के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. सौरभ गाडगीळ ने कहा कि लाइटस्टाइल केवल फैशन ट्रेंड नहीं, बल्कि कंपनी का एक महत्वपूर्ण दीर्घकालिक व्यावसायिक क्षेत्र है, जो रोजमर्रा के उपयोग के लिए डिज़ाइन की गई ज्वेलरी पर केंद्रित है।
8.9 मिलियन से अधिक सोशल मीडिया फॉलोअर्स वाली सारा तेंदुलकर की सादगी, आधुनिक सोच और डिजिटल प्रभाव ब्रांड की विचारधारा से मेल खाते हैं। सारा ने कहा कि लाइटस्टाइल की हल्की और सहज ज्वेलरी उनके व्यक्तित्व के अनुकूल है।
दो साल की यह साझेदारी दिसंबर 2025 से शुरू होगी, जबकि सारा के साथ डिज़ाइन किए गए विशेष कलेक्शन मार्च 2026 में लॉन्च किए जाएंगे।

# प्रीमियर लीगः चेल्सी और बोर्नमाउथ के बीच मुकाबला 2-2 से ड्रॉ रहा

**लंदन ।** स्टैमफोर्ड ब्रिज पर चेल्सी और एएफसी बोर्नमाउथ के बीच खेला गया रोमांचक मुकाबला ड्रॉ के रूप में समाप्त हुआ। मैच 2-2 से ड्रा रहा। मैच के सभी 4 गोल शुरुआती 27 मिनट के अंदर हुए। इसके बाद दोनों ही टीमें बढ़त बनाने के लिए कड़ा संघर्ष करती दिखीं, लेकिन सफलता किसी को नहीं मिली। मैच ड्रा होने की वजह से चेल्सी लिवरपूल को पछाड़कर चौथे स्थान पर पहुंचने का मौका चूक गई। बोर्नमाउथ 15वें स्थान पर है। उनका लीग में बिना जीत का सिलसिला 10 मैचों तक बढ़ गया है। चेरीज का यह पिछले पांच मैचों में चौथा ड्रॉ था। मैच का पहला हाफ बहुत तेज और रोमांचक था। मेहमानों ने पहला गोल तब किया जब डेविड ब्रूक्स ने लंबे थ्रो-इन से दूसरे प्रयास में गोल किया, लेकिन चेल्सी ने जल्द ही बराबरी कर ली। एस्टेवाओ विलियन को एंटोनी सेमेन्यो ने बॉक्स में क्लिप किया



और कोल पामर ने पेनल्टी स्पॉट से गोल किया। चेल्सी ने बढ़त तब बनाई जब एंजो फर्नांडीज ने टॉप कॉर्नर में शानदार फिनिश शॉट मारा, लेकिन जस्टिन क्लूइवर्ट के गोल से बोर्नमाउथ ने बराबरी की। दूसरे हाफ में चेल्सी बढ़त वाले गोल के लिए सबसे ज्यादा जोर लगा रही थी, क्योंकि शुरुआती कोशिशों के बाद चेरीज की एनर्जी खत्म होती दिख रही थी, लेकिन इसके बावजूद कोई और गोल नहीं हुआ।
एक और मैच में, जेम्स गार्नर ने एक गोल किया और दूसरे गोल में मदद की, जिससे कमजोर एवर्टन टीम ने नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से हराया। गार्नर, जो पहले फॉरेस्ट में लोन पर थे, ने शुरुआत में ही एक गोल किया और फिर 79वें मिनट में थिएर्नो बैरी को अपना दूसरा एवर्टन गोल करने में मदद की।

# ओरल हेल्थ के लिए वरदान दातुन

## सिर्फ दांतों के लिए नहीं, पूरे शरीर के लिए भी है लाभकारी

**चंडीगढ़ ।** सदियों से दांतों की मजबूती के लिए दातुन का इस्तेमाल होता आया है। हमारे बड़े बुजुर्गों के दांतों की सेहत का राज भी दातुन रहा है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि दातुन सिर्फ ओरल हेल्थ के लिए ही जरूरी नहीं है, बल्कि इसका संबंध आंखों की अच्छी सेहत से भी है? आयुर्वेद में दातुन को मुख का संरक्षक माना गया है, जो पेट से लेकर आंखों तक के लिए लाभकारी है। आयुर्वेद में दातुन को टूथपेस्ट की तुलना में ज्यादा महत्व दिया जाता है क्योंकि टूथपेस्ट में कई तरह के केमिकल होते हैं, जो दांतों से लेकर पूरे स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, जबकि दातुन कफ दोष को संतुलित करता है और दांतों की सफाई के साथ-साथ पूरे शरीर के स्वास्थ्य का ध्यान रखता है। आज हम आपको दातुन के चमत्कारी फायदों के बारे में बताएंगे।
दातुन का कनेक्शन पाचन तंत्र से भी होता है। जब हम सुबह-सुबह दातुन को चबाते हैं तो मुंह में मौजूद लार में दातुन के कसैले गुण मिल जाते हैं और लार पेट में जाकर पाचन अग्नि को ठीक



करने में मदद करती है। इससे पेट से जुड़ी परेशानी जैसे कब्ज और एसिडिटी कम होती है और खाना पचने की प्रक्रिया भी तेजी से होती है।
दूसरा, दातुन से आंखों की रोशनी भी प्रभावित होती है। दांतों की नसों का सीधा संबंध मस्तिष्क और आंखों से होता है, और जब दातुन को चबाया जाता है तो आंखों की नसों पर प्रभाव पड़ता है और वे सुचारू रूप से काम करती हैं। इससे आंखों की रोशनी भी तेज होती है।
तीसरा, दातुन मुंह की ओरल हेल्थ के लिए लाभकारी होती है। अगर मसूड़ों में खून आता है, दर्द होता है, पायरिया की परेशानी है, या दांत कमजोर हैं, तो दातुन किसी दवा की तरह काम करती है। ये मसूड़ों में कसाव लाने में मदद करती है, जिससे दांतों को जड़ से मजबूती प्रदान होती है और लंबे समय तक दांत स्थिर रहते हैं।
चौथा, दातुन जीभ की सफाई करने में भी सहायक है। आयुर्वेद में दातुन के बाद लकड़ी से जीभ को भी साफ करने का विधान है, जिससे जीभ पर जमी सफेद परत हट जाती है।
जीभ पर जमी परत टॉक्सिन होती है, जो मुंह में बदबू फैलाती है और कई अन्य बीमारियों के भी कारण बनती है।
अब सवाल है कि कौन सी दातुन का इस्तेमाल करना है। इसके लिए नीम की दातुन, बबूल की दातुन, अपामार्ग की दातुन और बरगद, खेर, या अर्जुन के पेड़ की दातुन का इस्तेमाल कर सकते हैं। ये सभी दातुन औषधीय गुणों से भरपूर हैं।

# सर्दियों में अश्वगंधा चाय बेहद फायदेमंद, इम्यूनिटी बेहतर और तनाव से भी राहत



**मोहाली ।** सर्दियों के मौसम में सर्दी-जुकाम, खांसी समेत अन्य संक्रमणों का खतरा भी बढ़ जाता है। कमजोर इम्यूनिटी इन बीमारियों की बड़ी वजह बनती है, इसलिए इस मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता का खास ख्याल रखना जरूरी है। ऐसे में अश्वगंधा की चाय का सेवन बेहद फायदेमंद है। भारत सरकार का आयुष मंत्रालय अश्वगंधा के साथ ही इसकी चाय से मिलने वाले फायदों के बारे में विस्तार से जानकारी देता है। आयुर्वेद के अनुसार, सदियों से इस्तेमाल हो रही यह जड़ी-बूटी इम्यूनिटी बढ़ाने के साथ-साथ तनाव कम करने और जोड़ों के दर्द में राहत देने के लिए जानी जाती है। अश्वगंधा की चाय सर्दियों में बेहद फायदेमंद है। यह न सिर्फ इम्यूनिटी बढ़ाती है बल्कि जोड़ों के दर्द, गठिया और तनाव में भी राहत देती है। आयुर्वेद में अश्वगंधा को रसायन (कायाकल्प करने वाली) जड़ी-बूटी माना जाता है, जो शरीर को ताकत और संतुलन देती है। अश्वगंधा की चाय पीने से कई लाभ मिलते हैं। यह तनाव और चिंता को कम करती है। आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते स्ट्रेस हॉर्मोन (कोर्टिसॉल) को नियंत्रित कर दिमाग को शांत रखती है, जिससे नींद अच्छी आती है और मानसिक थकान दूर होती है।
सर्दियों में इम्यूनिटी कमजोर पड़ने की समस्या आम है, लेकिन अश्वगंधा एंटीऑक्सीडेंट और इम्यूनोमॉड्यूलेटरी गुणों से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है, सर्दी-जुकाम और संक्रमण से बचाव करती है। यह चाय जोड़ों और गठिया के दर्द में रामबाण साबित होती है। इसके एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण सूजन और दर्द को कम करते हैं, खासकर घुटनों और कमर के दर्द में राहत देते हैं।
आयुर्वेद के अनुसार, यह वात दोष को संतुलित करती है, जो सर्दियों में जोड़ों की समस्या बढ़ाता है। इसके अलावा, यह ऊर्जा बढ़ाती है, थकान दूर करती है, हार्मोन संतुलन बनाए रखती है और पाचन सुधारती है। इसके नियमित सेवन से त्वचा चमकदार रहती है। यह स्वास्थ्य भी बेहतर करता है।
अश्वगंधा की चाय बनाने का तरीका आसान है। एक कप पानी में आधा चम्मच अश्वगंधा पाउडर डालकर उबालें। 5-10 मिनट बाद छानकर स्वाद के लिए उसमें शहद या नींबू मिलाकर पीएं।
सर्दियों में दिन में एक-दो कप पी सकते हैं। हालांकि, कुछ सावधानियां जरूरी हैं। ज्यादा मात्रा में लेने से पेट खराब, उल्टी, दस्त या सुस्ती हो सकती है। गर्भवती या स्तनपान कराने वाली महिलाएं, थॉयराइड या ऑटोइम्यून बीमारी वाले लोग बिना डॉक्टर की सलाह के न लें।

# सुंदर सिंह गुर्जरः देश को लगातार दो पैरालंपिक में पदक दिलाने वाले जैवलिन थ्रोअर

**नई दिल्ली ।** भारत में पिछले एक दशक में जिन खेलों की लोकप्रियता सबसे ज्यादा बढ़ी है और जिस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय खिलाड़ियों ने अपना दबदबा कायम किया है, उसमें जैवलिन प्रमुख है। ओलंपिक के साथ पैरालंपिक में भी जैवलिन में भारतीय खिलाड़ी बड़ी सफलता हासिल करते हुए देश का नाम रोशन कर रहे हैं। पैरा एथलेटिक्स में सुंदर सिंह गुर्जर का नाम जैवलिन के क्षेत्र में काफी लोकप्रिय है। सुंदर सिंह ने लगातार दो पैरालंपिक में जैवलिन में देश के लिए पदक जीते हैं। सुंदर सिंह गुर्जर का जन्म 1 जनवरी 1996 को करौली, राजस्थान में हुआ था। सुंदर सिंह की बचपन से ही पढ़ाई में कम और खेलकूद में ज्यादा रुचि रही। उनके पिता और भाई कुश्ती खेलते थे, लेकिन कोच की सलाह पर सुंदर ने 2012 में जैवलिन थ्रो शुरू किया। शुरुआत में वह सामान्य श्रेणी में खेलते थे, लेकिन 2015 में दोस्त के घर छत पर लोहे की चादर लगाते समय उनका हाथ कट गया और उनका बायां हाथ कटकर अलग हो गया। इस घटना ने सुंदर को मानसिक तौर पर तोड़ दिया था और उन्होंने जैवलिन छोड़ने का मन बना लिया था, लेकिन उनके कोच महावीर प्रसाद सैनी ने उन्हें हिम्मत न हारने और पैरा एथलेटिक्स की




तरफ मुड़ने के लिए प्रेरित किया। गुरु की सलाह ने सुंदर सिंह की जिंदगी को नई दिशा देने का काम किया। उन्होंने पैरा एथलेटिक्स में जैवलिन में देश के लिए पदक जीतने का सपना देखा। वे एफ46 कैटेगरी में प्रतिस्पर्धा करते हैं। सुंदर सिंह गुर्जर ने 2016 में रियो पैरालंपिक के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन वहां कॉल रूम में 52 सेकंड देर से पहुंचने की वजह से डिस्क्वालीफाई हो गए।
सुंदर सिंह गुर्जर की सफलता की स्वर्णिम कहानी 2017 में तब शुरू हुई, जब उन्होंने इसी साल लंदन में आयोजित विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। इसके बाद 2019 में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप, दुबई में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीता। 2018 एशियन पैरा गेम्स में रजत और 2023 हांगझोउ एशियन पैरा गेम्स में सुंदर ने 68.60 मीटर थ्रो करके विश्व रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। सुंदर सिंह ने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में 64.01 मीटर थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता और फिर इसके बाद पेरिस में आयोजित 2024 पैरालंपिक में 64.96 मीटर के साथ कांस्य जीता। हाल ही में 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भी उन्होंने रजत पदक जीता। जैवलिन के क्षेत्र में सुंदर सिंह गुर्जर की असाधारण सफलता को देखते हुए भारत सरकार ने उन्हें अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया है। वह राजस्थान वन विभाग में सहायक कंजर्वेटर ऑफ फॉरेस्ट हैं।

# थमती नहीं जिंदगी, चलता रहता सफर





## जगराओं पुल पर वाहनों की आवाजाही के साथ शहर ने किया 2026 का स्वागत

### निगम बिल्डिंग शाखा में फेरबदल

# 34 कर्मचारियों की बदली

लक्की मेहता | लुधियाना। समर न्यूज

नगर नगिम की बलि्डगि शाखा में लंबे समय से एक ही स्थान पर तैनात कर्मचारियों का तबादला कर दयिा गया है। नगिम प्रशासन ने कुल 34 मुलाजमिों की बदलयिां आदेशति की हैं। इनमें 7 ड्राफ्टमैन, 1 जूनयिर ड्राफ्टमैन, 24 सेवादार और 2 बेलदार शामलि हैं। सभी कर्मचारियों को उनके मौजूदा जोन से हटाकर अन्य जोनों में तैनात कयिा गया है। यह कार्रवाई हाल ही में हुई जनरल हाउस की बैठक के बाद सामने आई है, जसिमें वपिक्षी पार्षदों ने शहर में अवैध नर्मािण और बनिा नक्शा पास कराए बनाई जा रही कॉलोनयिों का मुद्दा जोरशोर से उठाया था। पार्षदों ने आरोप लगाया था कि एटीपी और नचिले स्तर के कर्मचारियों की मलिीभगत से नयिमों को ताक पर रखकर नर्मािण कार्य हो रहे हैं। इसके अलावा यह भी कहा गया कि अवैध नर्मािण की शकिायतें व्हाट्सऐप पर भेजे जाने के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इन आरोपों के बाद नगिम प्रशासन ने कथति भ्रष्टाचार के नेटवर्क को तोड़ने के उद्देश्य से पहले चरण में नचिले स्तर के कर्मचारियों की बदलयिां करने का फैसला लयिा है। एडशिनल कमशि्नर की ओर से जारी आदेशों में स्पष्ट कयिा गया है कि सभी बदली कएि गए कर्मचारी तुरंत नए स्थान पर ज्वाइन करें। आदेशों में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि कोई कर्मचारी तय समय में नई तैनाती स्थल पर ज्वाइन नहीं करता है, तो उसके खलिाफ सर्वसि रूल्स के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मनरेगा की जगह वीबी-जी राम जी अधिनियम के खिलाफ आप ने किया प्रदर्शन

### केंद्र सरकार ने यह काला कानून लेकर ग्रामीण भारत के साथ धोखा किया : कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह

समर न्यूज | लुधियाना




पंजाब के ग्रामीण विकास और पंचायत विभाग के कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह ने बुधवार को सैंकड़ों मजदूरों की अगुवाई में केंद्र सरकार के नए लागू किए गए विकास भारत रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण) अधिनियम, 2025 (वीबी-जी राम जी) के खिलाफ एक विशाल विरोध प्रदर्शन किया। यह अधिनियम, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) की जगह ले रहा है। मंत्री तरुणप्रीत सिंह ने प्रदर्शन को संबोधित करते हुए इसे काला, कठोर और गरीब विरोधी कानून करार दिया, जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था को तबाह कर देगा और समाज के सबसे कमजोर वर्गों के लिए रोजी-रोटी का संकट खड़ा करेगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र सरकार ने यह काला कानून लेकर ग्रामीण भारत के साथ धोखा किया है। यह लाखों गरीब परिवारों की रोजी-रोटी पर सीधा हमला है, जो जीवित रहने के लिए मनरेगा पर निर्भर हैं। यह नया कानून खेती-बाड़ी के पीक सीजन में मजदूरों को काम से वंचित रखेगा, जब परिवारों को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है। यह विकास नहीं है, यह ग्रामीण गरीबों का विनाश है।

मंत्री ने यह भी बताया कि अनुसूचित जातियों, महिलाओं और भूमिहीन मजदूरों को इस कानून से सबसे अधिक प्रभावित होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आप चुप नहीं बैठेगी। हम इस लड़ाई को दिल्ली की सड़कों तक ले जाएंगे और भाजपा सरकार को हमारे मजदूरों के मेहनत से कमाए अधिकार छीनने की अनुमति नहीं देंगे। इस अवसर पर आप पार्टी के अनुसूचित जाति विंग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह जी पी ने भी कहा कि पार्टी हर मजदूर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है और केंद्र को इस गरीब विरोधी कानून को वापस लेने के लिए मजबूर करेगी।

### 24 लाख रुपये की लागत से तैयार करवाई गई मोर्चरी वैन

# अंतिम संस्कार की सुविधा होगी और सुदृढ़

समर न्यूज | लुधियाना




विधानसभा क्षेत्र लुधियाना उत्तरी से विधायक चौधरी मदन लाल बग्गा द्वारा वार्ड नंबर 95 के अंतर्गत अशोक नगर के श्मशान घाट को नई मोर्चरी वैन सौंपी गई। विधायक बग्गा ने बताया कि क्षेत्र के निवासियों ने उनके ध्यान में लाया था कि मृत देहों को श्मशान घाट तक ले जाने के लिए वाहन की कमी महसूस की जा रही है, क्योंकि अशोक नगर के श्मशान घाट के अंतर्गत अंतिम संस्कार के लिए काफी बड़ा क्षेत्र आता है। उन्होंने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग के अनुसार करीब 24 लाख रुपये की लागत से मोर्चरी वैन तैयार करवाई गई है और उसे श्मशान घाट को सौंपा गया है, ताकि पूरे सम्मान और रीति-रिवाजों के अनुसार समय पर अंतिम संस्कार किया जा सके।

## जेब्रा क्रॉसिंग पर वीवीआईपी रौब!



लाल बत्ती के बाद भी विधायक की गाड़ी लाइन तोड़कर आगे खड़ी। लोगों ने सवाल किया कानून सबके लिए बराबर या सिर्फ आम जनता के लिए।

# नशे की बुराई को जड़ से खत्म करने के लिए जागरूकता अभियान जारी

समर न्यूज | लुधियाना

नशे की सामाजिक बुराई पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण द्वारा शुरू की गई "यूथ अगेंस्ट ड्रग्स" मुहिम लगातार जारी है। इस अभियान के तहत लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रचार सामग्री वितरित की गई।

सीजेएम-कम-सचिव, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, लुधियाना सुमित सभरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न गांवों और शहरों के प्रमुख स्थानों पर जाकर वकीलों, पैरा लीगल वॉलंटियर्स और पैनल वकीलों द्वारा लोगों को यह समझाया जा रहा है कि नशे का सेवन जहां शरीर को गंभीर नुकसान पहुंचाता है, वहीं आर्थिक रूप से भी व्यक्ति को बर्बाद कर देता है।




नशे की दलदल में फंसे व्यक्ति के कारण उसके परिवार को समाज में बदनामी का सामना करना पड़ता है और वे सिर उठाकर बात भी नहीं कर पाते।

सचिव सभरवाल ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता से ही नशे को जड़ से खत्म कर देश के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। उन्होंने अभियान के तहत जारी टोल-फ्री नंबर 15100 के बारे में भी लोगों को अवगत कराया।

उन्होंने दोहराया कि माननीय सदस्य सचिव, पंजाब राज्य जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, एस.ए.एस. नगर तथा माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरपर्सन, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, लुधियाना द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार "नशों के विरुद्ध युवा" अभियान का जिला स्तरीय शुभारंभ 06 दिसंबर 2025 को किया जा चुका है, जो 06 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा।

**विकास** | मेयर बोलीं - लुधियाना के विकास की रफ्तार तेज; सड़कों, सीवरेज, ट्रैफिक और ई-निगम पर फोकस

# ट्रैफिक जाम से राहत की तैयारी : शहर के 42 चौराहों पर लगेंगी स्मार्ट ट्रैफिक लाइटें

लक्की मेहता | लुधियाना
समर न्यूज

शहर के विकास को लेकर मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर ने साफ कहा है कि आने वाले दिनों में लुधियाना को नई पहचान देने के लिए निगम तेज़ी से काम कर रहा है। उनका दावा है कि शहर को बारिश के दिनों में होने वाली परेशानियों से बचाते हुए, सड़कों, ट्रैफिक सिस्टम, पार्कों, सीवरेज और ऑनलाइन सुविधाओं तक हर मोर्चे पर सुधार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लुधियाना को नई पहचान देने के लिए नगर निगम तेज़ी से काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बरसात के मौसम में होने वाली परेशानियों से लोगों को राहत दिलाने के साथ-साथ सड़कों, ट्रैफिक व्यवस्था, पार्कों, सीवरेज सिस्टम और ऑनलाइन सेवाओं सहित हर क्षेत्र में सुधार किया जा रहा है। मेयर ने दो टूक शब्दों में कहा कि लक्ष्य साफ है "लुधियाना अब डूबेगा नहीं, रुकेगा नहीं और बदलेगा जरूर।"

मेयर ने बताया कि वार्ड नंबर 1 से 95 तक सड़कों के निर्माण और मरम्मत का कार्य जारी है। कई वार्डों में काम पूरा हो चुका है और जहां टाइल या आरएमसी सड़कों की मांग सामने आई है, वहां उसी अनुरूप सड़कें बनाई जा रही हैं ताकि लोगों को कच्ची और टूटी सड़कों से होने वाली परेशानियों से स्थायी राहत मिल सके। उनका कहना है कि



मेयर प्रिंसिपल इंदरजीत कौर -समर न्यूज

अब प्राथमिकता टिकाऊ सड़कों की है, जिससे बार-बार मरम्मत की आवश्यकता न पड़े।

औद्योगिक क्षेत्र फोकल प्वाइंट की तस्वीर बदलने के लिए भी ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। मेयर के अनुसार फोकल प्वाइंट की सड़कों, सीवरेज और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था के लिए 15 करोड़ 44 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई है, जिससे टूटे हिस्सों की मरम्मत, नई स्ट्रीट लाइटें लगाने और सीवरेज नेटवर्क को बेहतर बनाने का काम किया जाएगा। इससे उद्योग जगत और वहां काम करने वाले हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए शहर के 42 प्रमुख चौराहों पर स्मार्ट सेंसर आधारित ट्रैफिक लाइटें लगाई जा रही हैं, जिस पर करीब 7 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। कुछ स्थानों पर यह लाइटें लग भी चुकी हैं। मेयर का दावा है कि इससे ट्रैफिक अनुशासन बेहतर होगा और सड़क दुर्घटनाओं में भी कमी आएगी।

बरसात के दौरान जलभराव से परेशान रहने वाले इलाकों को भी राहत मिलने की उम्मीद है। चंडीगढ़ रोड तथा सेक्टर-32 और 39 में जांच के दौरान यह सामने आया कि सीवरेज लाइनें गलत दिशा में जुड़ी हुई थीं। मेयर ने बताया कि इन लाइनों को सही ढंग से जोड़ने का काम तेजी से चल रहा है और आने वाली बारिश में लोगों को पानी में फंसने की समस्या से निजात मिलेगी। डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए मेयर ने कहा कि वर्ष 2026 तक नगर निगम पूरी तरह ई-निगम के रूप में काम करेगा। नागरिक घर बैठे ही ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे, जिससे शिकायत दर्ज कराने से लेकर विभिन्न अनुमतियों तक की प्रक्रिया आसान, तेज़ और पारदर्शी हो जाएगी।

### सड़क चौड़ी करने से होगा दबाव कम

इसके अलावा लुधियाना से गुजरने वाले नेशनल हाईवे को चौड़ा करने की योजना पर भी काम तेज़ किया जा रहा है। जालंधर बाईपास से जोधेवाल तक सड़क चौड़ी होने से शहर के भीतर भारी वाहनों का दबाव कम होगा और यातायात अधिक सुगम बनेगा। मेयर ने स्वीकार किया कि पुराने इंफ्रास्ट्रक्चर, बढ़ती आबादी और ट्रैफिक दबाव जैसी चुनौतियां अभी भी मौजूद हैं, लेकिन सुनियोजित ढंग से काम कर शहर की तस्वीर बदली जा सकती है। उन्होंने कहा कि लुधियाना उद्योग का दिल है और यहां के लोगों को बेहतर सुविधाएं देना निगम की जिम्मेदारी है। आने वाले समय में विकास के ठोस नतीजे जमीन पर दिखाई देंगे।

### 8,500 कुत्तों की हुई नसबंदी

शहर में आवारा कुत्तों की समस्या पर बोलते हुए मेयर ने बताया कि अब तक करीब 8,500 कुत्तों की नसबंदी की जा चुकी है और कई को शेल्टर होम भेजा गया है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा ताकि लोगों की सुरक्षा के साथ-साथ पशुओं की देखभाल भी सुनिश्चित हो सके। लुधियाना के पार्कों को नया रूप देने का काम भी तेज़ी से चल रहा है। कई पार्कों में सौंदर्यीकरण के तहत टूटी बेंच, पाथवे और लाइटें बदली जा रही हैं। मेयर ने कहा कि नागरिकों को सुबह-शाम टहलने और बच्चों के खेलने के लिए सुरक्षित व स्वच्छ पार्क उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। मेयर ने यह भी कहा कि वर्ष 2013 से 2025 के बीच भर्ती हुए माली-बैलदार कर्मचारियों को रेगुलर करने के लिए सरकार को पत्र भेजा जाएगा। उनके अनुसार लंबे समय से सेवा दे रहे कर्मचारियों को स्थायित्व मिलना चाहिए, जिससे काम के प्रति उनका उत्साह और बढ़ेगा।




ग्रुप एडिटर: अर्शदीप सिंह, एग्जीक्यूटिव एडिटर : चंदन स्वप्निल*, मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। आरएनआई पंजीकरण संख्या: CHMUL/25/A1155
*इस अंक में प्रकाशित सभी समाचार पीआरबी के चयन एवं संपादन हेतु हैं। अधिनियम के अंतर्गत सभी उत्तरदायित्व और उससे उत्पन्न सभी विवाद लुधियाना न्यायालय के अधीन होंगे। वर्ष 1 अंक 117